देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित

www.page3news.in

नगर संस्करण वर्ष 18 अंक: 222 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**
देशी–विदेशी साजिश



# पेज थ्री

देहरादून, मंगलवार, 12 दिसंबर 2023



मौसम — अधिकतम $19.0^{0}$ न्यूनतम $9.0^{0}$

69928.53

2 हमास ने इजरायल को दी धमकी

7 मैच जीतकर भारत ने जीता दिल

# आर्टिकल 370 हटाने पर 'सुप्रीम' मुहर

## सुप्रीम कोर्ट का जम्मू-कश्मीर में जल्द चुनाव के निर्देश, लद्दाख को यूटी बनाने को हरी झंडी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। जम्मू–कश्मीर से संविधान के अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त करने के केंद्र सरकार के 2019 के फैसले के खिलाफ दाखिल याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को फैसला सुनाया। देश के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायधीशों की पीठ ने सुबह 11 बजे इस मामले में फैसला पढ़ना शुरू किया। इस पीठ में सीजेआई के अलावा, जस्टिस संजय किशन कौल, संजीव खन्ना, बीआर गवई और सूर्यकांत शामिल थे। गौरतलब है कि सितंबर माह में लगातार 16 दिनों तक सभी पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था।

सीजेआई ने कहा है कि नए परिसीमन के आधार पर जम्मू कश्मीर में जल्द से जल्द चुनाव करवाएं जाएं। इस संबंध में केंद्र सरकार को निर्देश दिया गया है। अदालत ने ये भी कहा है कि जम्मू–कश्मीर को राज्य का दर्जा वापस दिया जाए।

अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने के खिलाफ फैसला सुनाने के लिए चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि पांच जजों के तीन अलग–अलग फैसले हैं। जिन तीन फैसलों को सुनाया गया, उस पर सभी एकमत हैं।

चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि हमने उस दौरान राज्य में लगे राष्ट्रपति शासन पर फैसला नहीं लिया है। स्थिति के अनुसार राष्ट्रपति शासन लगाया जा सकता है। अनुच्छेद 356 में राष्ट्रपति को शक्तियां हासिल हैं। उसे चुनौती नहीं दी जा सकती है। संवैधानिक स्थिति यही है कि उनका उचित इस्तेमाल होना चाहिए। अनुच्छेद 356 राज्य सरकार भंग कर राष्ट्रपति शासन लगाने की बात करता है। राष्ट्रपति शासन के दौरान केंद्र राज्य सरकार की जगह फैसले ले सकता है। संसद राज्य विधानसभा की जगह काम कर सकता है।

चीफ जस्टिस ने कहा कि राष्ट्रपति के लिए यह जरूरी नहीं था कि वह जम्मू–कश्मीर की संविधान सभा की सिफारिश के बाद ही 370 पर कोई आदेश जारी करें। अनुच्छेद 370 को बेअसर कर नई व्यवस्था से जम्मू–कश्मीर को बाकी भारत के साथ जोड़ने की प्रक्रिया मजबूत हुई। गौरतलब है कि याचिकाकर्ताओं की दलील थी कि आर्टिकल 370 को निरस्त ही नहीं किया जा सकता।

### पीएम मोदी ने फैसले को बताया ऐतिहासिक

पीएम मोदी ने आर्टिकल 370 को निरस्त करने पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला ऐतिहासिक बताया। यह जम्मू, कश्मीर और लद्दाख में हमारी बहनों और भाइयों के लिए आशा, प्रगति और एकता की एक शानदार घोषणा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है।



### अनुच्छेद 370 एक अस्थायी व्यवस्था

चीफ जस्टिस ने कहा कि जब राजा हरि सिंह ने भारत के साथ विलय समझौते पर दस्तखत किए थे, तभी जम्म–कश्मीर की संप्रभुता खत्म हो गई थी। वह भारत के तहत हो गया। साफ है कि जम्मू–कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। भारत का संविधान जम्मू–कश्मीर के संविधान से ऊंचा है। अनुच्छेद 370 एक अस्थायी व्यवस्था है। संविधान सभा की सिफारिश राष्ट्रपति के लिए बाध्यकारी नहीं थी। जम्मू–कश्मीर संविधान सभा का उद्देश्य एक अस्थायी निकाय था।

### शांतिपूर्ण तरीके से लड़ाई जारी रखेंगेः उमर

सुप्रीम कोर्ट को फैसला देना है। फैसला देने दीजिए। अगर हमें स्थिति बिगाड़नी होती तो हमने 2019 के बाद ही ऐसा किया होता। हालांकि, हमने तब भी कहा था और अब भी दोहराते हैं कि हमारी लड़ाई शांतिपूर्ण तरीके से संविधान के अनुरूप होगी। हम अपने अधिकारों की रक्षा और अपनी अस्मिता को सुरक्षित रखने के लिए संविधान और कानून की मदद ले रहे हैं। वहीं गुलाम नबी आजाद ने कहा कि जम्मू–कश्मीर के लोग अनुच्छेद 370 और अनुच्छेद 35ए से राजनीतिक रूप से नहीं बल्कि भावनात्मक रूप से जुड़े हुए हैं। यह महत्वपूर्ण है कि हमारे वर्तमान और भविष्य को सुरक्षित करने के लिए इन (प्रावधानों) को बहाल किया जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### हर सप्ताह 90 घंटे मेहनत की और बेकार नहीं गई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बेंगलुरु। इन्फोसिस के संस्थापक एनआर नारायणमूर्ति ने पिछले दिनों यह कहकर एक नई बहस छेड़ दी थी कि युवाओं को सप्ताह में 70 घंटे काम करना चाहिए। अब इस पर नारायणमूर्ति ने अपना ही उदाहरण दे दिया है। उनका कहना है कि वह हमेशा एक ही वीक ऑफ लेते रहे हैं। वह सुबह 6:20 पर ही ऑफिस पहुंच जाते थे और शाम को 8:30 बजे तक निकलते थे। मूर्ति ने कहा कि काम का कोई विकल्प नहीं है।

### शिवराज ने राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंपा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** भोपाल। भाजपा ने मोहन यादव को सूबे का सीएम बनाया है। इसी के साथ शिवराज सिंह चौहान का करीब साढ़े सोलह साल का राज खत्म हो गया है। शिवराज ने सीएम के नाम के ऐलान के तुरंत बाद राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। इससे पहले मामा ने यादव को बधाई और एक संदेश भी दिया।

# शिवराज नहीं, मोहन यादव होंगे मुख्यमंत्री

## मध्य प्रदेश में बीजेपी ने दिया बड़ा सरप्राइज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

भोपाल। मध्य प्रदेश में भाजपा की ऐतिहासिक जीत के बाद मुख्यमंत्री के नाम का सस्पेंस आखिरकार आठ दिन बाद खत्म हो गया। भारतीय जनता पार्टी (ठश्रच) ने सोमवार को मुख्यमंत्री के नाम का एलान कर दिया। पार्टी ने मोहन यादव को राज्य का नया मुख्यमंत्री बनाया है। विधायक दल की बैठक में उनके नाम की घोषणा की गई।

विधायक दल की बैठक के बाद जब मोहन यादव के नाम का ऐलान हुआ तो सभी चौंक गए। इस दौरान मोहन यादव जीते हुए विधायकों के बीच में बैठे रहे। सीएम चुने जाने के बाद उन्होंने शिवराज सिंह चौहान का आशीर्वाद भी लिया।

उज्जैन दक्षिण सीट से मोहन यादव ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस उम्मीदवार चेतन प्रेमनारायण यादव को 12941 वोटों से हराया था। मोहन यादव को जहां 95699 वोट मिले थे तो वहीं चेतन प्रेमनारायण यादव को 82758 वोट मिले थे। मालूम हो कि मोहन यादव आरएसएस के बेहद करीबी नेताओं में से एक माने जाते हैं। वह साल 2013 में पहली बार विधायक बने थे।

डॉ. मोहन यादव ने अपनी राजनीतिक पारी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जरिये 1984 में शुरू की। उन्हें उज्जैन के नगर मंत्री का दायित्व दिया गया। 1986 में उन्हें एबीवीपी के विभाग प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी गई। वह जल्द ही एबीवीपी के प्रदेश सह मंत्री बने। वह आरएसएस के स्टूडेंट विंग के राष्ट्रीय मंत्री भी बने। इसके अलावा मोहन यादव आरएसएस के सह खंड कार्यवाह और नगर कार्यवाह भी रहे। 1997 में वह छात्र राजनीति से बीजेपी युवा मोर्चा में कदम रखा। 2003 में एमपी में बीजेपी की सरकार बनने के बाद उन्होंने तरक्की की।

### दो डिप्टी, नरेंद्र तोमर होंगे विधानसभा अध्यक्ष

सीएम मोहन यादव के दो डिप्टी सीएम होंगे। जगबीर देवड़ा और राजेश शुक्ला डिप्टी सीएम चुने गए हैं। नरेंद्र तोमर होंगे विधानसभा अध्यक्ष ।ओबीसी सीएम के साथ दलित और ब्राह्मण का समीकरण बनाया गया है। नरेंद्र सिंह तोमर विधानसभा अध्यक्ष के तौर पर कार्यभार संभालेंगे

# अनुसूचित समाज को आत्मनिर्भर बनाने के लिए है प्रतिबद्ध: सीएम

**संवाददाता**

**सम्मेलन**

■सीएम ने किया अनुसूचित जाति जनप्रतिनिधि सम्मेलन में प्रतिभाग

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को जीएमएस रोड स्थित एक होटल में गढ़वाल संभाग के अनुसूचित जाति जनप्रतिनिधि सम्मेलन में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर ने अनुसूचित, दलित और वनवासी समाज के लिए अस्तित्व, अस्मिता और आत्मनिर्भरता का जो मंत्र दिया था, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में उसका प्रसार पूरे देश में हो रहा है। पंडित दीनदयाल के अन्त्योदय के सिद्धांत के आधार पर समाज के अंतिम पायदान पर बैठा व्यक्ति जब सत्ता के सिंहासन पर बैठेगा तो वह अंत्योदय से राष्ट्रोदय का समय होगा। उन्होंने कहा कि श्री रामनाथ कोविंद और फिर श्रीमती द्रौपदी मुर्मू का राष्ट्रपति पद पर आसीन होना उनके द्वारा देखे गए स्वप्न का साकार होना है।

छत्तीसगढ़ के नामित मुख्यमंत्री भी आदिवासी क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। यह भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों और आदर्शों का बेहतरीन सम्मान भी है। उन्होंने कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार अनुसूचित समाज को मजबूत और आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### कोई भी नहीं कर सकता इतिहास के साथ खिलवाड़

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अनुसूचित समाज का भी अहम योगदान रहा है। आज तक जनजातीय समाज के राष्ट्र निर्माण में किए गए योगदान की जानकारी से देश को अंधेरे में रखा गया और अगर बताया भी गया तो बहुत ही सीमित दायरे में बताया गया। परंतु आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश जाग चुका है और अब कोई भी इसकी संस्कृति और इतिहास के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकता।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# पहाड़ों में शून्य से भी नीचे पहुंचा तापमान

**संवाददाता**

### ऊंचाई वाले क्षेत्रों में आज बदलेगा मौसम

चंपावत। पिछले दो–तीन दिनों से ठंड बढ़ गई है। पर्वतीय क्षेत्रों में कई जगह तापमान शून्य या फिर उससे नीचे पहुंच गया है। चंपावत जिला मुख्यालय व लोहाघाट में कई जगहों पर रात को पाला पड़ने से सुबह के समय बर्फ जैसी चादर बिछी रह रही है। ऐसे में सुबह के समय घरों से निकलना मुश्किल हो रहा है। अच्छी धूप निकलने पर सुबह नौ बजे बाद ही बाहर निकलने जैसी स्थिति हो रही है। इस पर कई जगह बिजली गायब होने से लोगों को दोहर झटका झेलना पड़ रही है।

आज मौसम में बदलाव की संभावना है। देहरादून मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया कि मंगलवार को पिथौरागढ़ व बागेश्वर जिले में अनेक जगहों पर बादल छा सकते हैं। कहीं कहीं बहुत हल्की से हल्की वर्षा हो सकती है। तीन हजार मीटर से ऊंचाई वाले स्थानों पर हिमपात होने की संभावना है। शेष जिलों में मौसम शुष्क रहेगा। 13 दिसंबर से कुमाऊं में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। कुमाऊं मंडल के पर्वतीय क्षेत्रों में ठंड जारी रहेगी।

## न्यूज डायरी



### हमास ने इजरायल को दी धमकी, डरी दुनिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तेल अवीव। इजरायल और हमास के बीच फिर युद्ध शुरू हो गया है। इजरायल की ओर से लगातार गाजा पर बम बरसाए जा रहे हैं। इस बीच हमास ने रविवार को एक चेतावनी जारी की है। उसने कहा कि जब तक उसकी मांग पूरी नहीं हो जाती तब तक किसी भी बंधक को जिंदा नहीं छोड़ा जाएगा। हमास की सशस्त्र शाखा के प्रवक्ता अबू ओबेदा ने एक टेलीविजन प्रसारण में कहा, इजरायल और उसके समर्थक आदान–प्रदान, बातचीत या मांगों को पूरा किए बिना अपने कैदियों को जिंदा वापस नहीं ले जा सकते। इसके जरिए हमास साफ कहने की कोशिश कर रहा है कि वह और भी ज्यादा फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई चाहता है। इजरायल और हमास के बीच संघर्ष विराम हुआ था, जो एक सप्ताह के बाद 1 दिसंबर को टूट गया। इसमें 105 बंधकों को हमास ने रिहा किया था, जिसमें से 80 इजरायली थी। इनके बदले इजरायल ने 240 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा किया था। शनिवार को इजरायल ने बताया कि अभी भी 137 बंधक हमास की कैद में हैं। इजरायल और हमास के बीच मध्यस्थता कराने में कतर रहा है। उसने हाल ही में कहा कि नए सिरे से संघर्ष विराम सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। हालांकि इसने चेतावनी दी कि लगातार इजरायल की ओर से हो रही बमबारी इसे सफल करने की संभावना कम कर रही है।

### श्रीलंकाई नौसेना ने 25 भारतीय मछुआरों को हिरासत में लिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलंबो। श्रीलंकाई नौसेना ने 25 भारतीय मछुआरों को हिरासत में ले लिया और उनकी दो नौकाओं को जब्त कर लिया। श्रीलंकाई नौसेना ने कहा कि शनिवार रात हिरासत में लिए गए मछुआरे गैरकानूनी रूप से मछली पकड़ रहे थे। मछुआरे तमिलनाडु के नागपट्टिनम और पुडुचेरी के कराइकाल जिले के निवासी हैं। पकड़े गए मछुआरों को कंकासांतुरै बंदरगाह ले जाकर आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए मैलादी मत्स्यपालन निरीक्षक को सौंप दिया गया। इस बीच मछुआरों को हिरासत में लिए जाने को लेकर तमिलनाडु प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अन्नामलाई ने रविवार को विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर को पत्र लिखा है। अन्नामलाई ने भारतीय मछुआरों की स्वदेश वापसी के लिए विदेश मंत्री से हस्तक्षेप की मांग की है। इस वर्ष अभी तक कुल 33 भारतीय नौकाएं जब्त की जा चुकी हैं और 220 भारतीय मछुआरे गिरफ्तार हुए हैं। नवंबर में श्रीलंका ने 27 भारतीय मछुआरों को रिहा किया था।

### मिस्र की रहस्यमय रानी क्लियोपेट्रा का मकबरा मिला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काहिरा। रानी क्लियोपेट्रा प्राचीन मिस्र की सबसे प्रसिद्ध रानियों में से एक हैं। लेकिन क्लियोपेट्रा का शरीर और उनकी कब्र आज तक खोजी नहीं जा सकी है। मिस्र के पुरावशेष मामलों के पूर्व राज्य मंत्री जाही हवास ने द सन से बातचीत में खोई हुई रानी की मौजूदगी के सिद्धांत के बारे में बात की। उन्होंने बताया, मैं 11 वर्षों से अलेक्जेंड्रिया के पश्चिम में मौजूद तपोसिरिस मैग्ना नामक मंदिर के अंदर काम करते हुए कैथलीन मार्टिनेज के साथ सहयोग कर रहा हूं। मार्टिनेज एक डोमिनिकन पुरातत्वविद, वकील और राजनयिक हैं जो 2005 से क्लियोपेट्रा की कब्र खोजने में लगी हैं। पिछले साल उन्होंने तपोसिरिस मैग्ना में खुदाई का नेतृत्व किया था, जिसमें 4,281 फुट लंबी सुरंग मिली थी। इस सुरंग को लेकर संदेह जताया गया कि शायद यह एक कब्र की ओर ले जाती है। हवास को इस बात पर पूरा यकीन नहीं है कि यही वह जगह है जहां क्लियोपेट्रा और उसके पति मार्क एंथोनी को दफनाया गया था। हवास ने कहा, श्उन्हें यकीन था कि क्लियोपेट्रा की कब्र वहीं है। लेकिन इस मंदिर के अंदर उनके साथ 11 साल तक काम करने के बाद में 100 फीसदी आश्वस्त हूं कि क्लियोपेट्रा को इस मंदिर में नहीं दफनाया गया था। उन्होंने कहा, श्मुझे इस बात पर विश्वास है कि क्लियोपेट्रा को उसके महल के बगल में बनी कब्र में दफन किया गया था। अब यह मकबरा पानी के नीचे है। क्या पानी के नीचे होने के कारण क्लियोपेट्रा के अवशेष नहीं मिलेंगे?

# हमास के आतंकियों को इजरायल की धमकी

## याह्या सिनवार के लिए बलिदान देने की जरूरत नहीं

**चेतावनी**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



तेल अवीव। इजरायल और हमास का युद्ध पिछले दो महीने से जारी है। इस बीच इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने हमास को सरेंडर करने को कहा है। उन्होंने कहा कि गाजा में आत्मसमर्पण करने वाले और गिरफ्तार हुए सैकड़ों लड़ाकों ने हमास के अंत की शुरुआत को चिह्नित किया है। नेतन्याहू ने आतंकी समूह के लड़ाकों से कहा कि वह याह्या सिनवार के लिए खुद का बलिदान न करें। उन्होंने कहा, श्युद्ध अभी भी जारी है। लेकिन हमास के अंत की शुरुआत हो चुकी है।

नेतन्याहू ने कहा, मैं हमास के आतंकियों से कहना चाहूंगा। अब सबकुछ खत्म हो चुका है। सिनवार के लिए मरने की जरूरत नहीं। सरेंडर कर दो। उन्होंने आगे कहा, पिछले कुछ दिनों में दर्जनों हमास के आतंकियों ने हमारी सेना के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। वे अपने हथियार डाल रहे हैं और खुद को हमारे वीर सैनिकों के हवाले कर रहे हैं। नेतन्याहू का यह बयान तब आया है जब गाजा की उत्तरी सीमा पर हिंसा बढ़ रही है और संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने एक मजबूत युद्धविराम की मांग की है।

नेतन्याहू ने रूसी राष्ट्रपति पुतिन से बात की। लगभग 50 मिनट तक फोन पर हुई बातचीत में उन्होंने गाजा से जुड़े अभियान की आवश्यकता के बारे में बताया। ऐसी अटकलें बनी हुई हैं कि अमेरिका इस अभियान को जनवरी तक खत्म होते देखना चाहता है। लेकिन इसके बावजूद किसी तरह की कार्रवाई के लिए कोई समयसीमा तय नहीं की गई है। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि युद्ध की समयसीमा तय करना इजरायल पर निर्भर है। उन्होंने कहा, श्हर कोई इस अभियान को जल्द से जल्द खत्म होते देखना चाहता है।

ब्लिंकन ने आगे कहा कि इजरायल भले ही हमास के हमले के बाद कार्रवाई कर रहा है, फिर भी उसे आम नागरिकों का ख्याल रखना होगा। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने दोहा फोरम में कहा कि उनका देश 7 अक्टूबर के हमले की कड़ी निंदा करता है, जिसने गाजा युद्ध को जन्म दिया। लेकिन इसकी सजा लाखों फिलिस्तीनियों को देना सही नहीं ठहराया जा सकता। हमास के मुताबिक इजरायल की कार्रवाई में अब तक 17,000 लोगों की मौत हुई है।

# केन्या में तीन महीने में तीसरी बार पूरे देश में बिजली कटौती

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नैरोबी। केन्या में राष्ट्रव्यापी बिजली कटौती होने से राजधानी नैरोबी स्थित मुख्य हवाई अड्डा सहित देश के कई हिस्सों में अंधेरा छाया रहा। नैरोबी स्थित मुख्य हवाई अड्डा पूर्वी अफ्रीका को एशिया, यूरोप और दुनिया के अन्य हिस्सों से जोड़ने वाला एक प्रमुख परिवहन केंद्र है। केन्या में रविवार को स्थानीय समयानुसार रात आठ बजे (1700 जीएमटी) बिजली की कटौती हुई। पिछले तीन महीनों में यह राष्ट्रव्यापी बिजली कटौती का तीसरा मामला है।

बिजली की कटौती से नैरौबी में श्जोमो केन्याटा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डाश और पश्चिम केन्या में एल्डोरेट हवाई अड्डा प्रभावित हुआ, जो पावर ग्रिड फेल होने के बाद आपातकालीन बिजली जनरेटर चालू करने में विफल रहे। राज्य संचालित 'केन्या पावर' ने बिजली की कटौती के लिए सिस्टम की गड़बड़ी को जिम्मेदार ठहराया। एक बयान में कहा गया, बिजली व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका के कारण हमने देश के विभिन्न हिस्सों में बिजली आपूर्ति बंद कर दी है। इसमें कहा गया, हम कम से कम समय में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए काम कर रहे हैं। बहाली की प्रगति पर एक अपडेट उचित समय पर जारी किया जाएगा। असुविधा के लिए हम अपने ग्राहकों से माफी मांगते हैं।



## लंदन में दिवाली उत्सव का आयोजन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कीव। यूक्रेन की राजधानी कीव में बड़ा धमाका हुआ है। यूक्रेन की राजधानी में कीव में कई विस्फोट हुए। यूक्रेन की राजधानी के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने सोमवार को कहा कि रूस ने कीव पर रात भर हवाई हमला किया गया। इस हमले में गिराए गए हथियारों का मलबा कई जिलों पर गिरा और एक आवासीय इमारत को इससे नुकसान पहुंचा। क्लिट्स्को ने टेलीग्राम मैसेजिंग ऐप पर कहा कि आपातकालीन सेवाओं को कीव के दक्षिण–पश्चिमी हिस्से में होलोसिवस्की जिले में भेजा गया था, जहां एक मिसाइल का हिस्सा एक आवासीय इमारत की छत से टकराया था।

# अनुच्छेद 370 पर आया भारतीय सुप्रीम कोर्ट का फैसला देख सदमें में पाकिस्तानी मीडिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। सुप्रीम कोर्ट की ओर से सोमवार को अनुच्छेद 370 से जुड़ा ऐतिहासिक फैसला सुनाया गया। केंद्र सरकार के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर फैसला दिया गया। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में पांच जजों की संविधान पीठ ने सोमवार को फैसला सुनाया। 16 दिन तक सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रखा गया था। इस फैसले पर सबसे ज्यादा नजर पाकिस्तान की है। पाकिस्तान की मीडिया में सबसे पहले जियो न्यूज ने इस खबर को दिखाया।

जियो ने अपनी खबर में लिखा कि

### कश्मीर की डेमोग्राफी को कमजोर करने का प्रयास

विशेष दर्जा की गारंटी देने वाले अनुच्छेद 370 को भारतीय सुप्रीम कोर्ट ने अस्थायी प्रावधान बताया। इसके अलावा रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि 2019 में नरेंद्र मोदी सरकार ने इसे रद्द कर दिया था। रिपोर्ट ने इसे एक अवैध कदम बताते हुए कहा कि इसके लिए भारत ने हजारों की फोर्स तैनात की थी। जियो ने भारतीय जम्मू कश्मीर को अपनी खबर में इसे कब्जा किया गया क्षेत्र लिखा। पाकिस्तान के विदेश विभाग की ओर से शाम चार बजे इस पर प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई।

जियो ने अपनी रिपोर्ट में याचिकाकर्ताओं के तर्क का जिक्र किया। याचिकाकर्ताओं के मुताबिक अनुच्छेद 370 को केंद्र की ओर से एकतरफा समाप्त नहीं किया जा सकता। पाकिस्तान के न्यूज आउटलेट डॉन ने लिखा, भारत की शीर्ष अदालत ने कश्मीर की विशेष स्थिति को एक अस्थायी प्रावधान बताया। इसके अलावा चिंता जताते हुए कहा गया कि अब भारत के बाकी लोग भी कश्मीर में रह सकते हैं और जमीन ले सकते हैं। डॉन ने अपनी रिपोर्ट में लिखा कि, कश्मीरियों, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों और भारत की हिंदू राष्ट्रवादी नेतृत्व की सरकार के आलोचकों ने इस कदम को हिंदू निवासियों के जरिए मुस्लिम बाहुल कश्मीर की डेमोग्राफी को कमजोर करने का प्रयास करार दिया।

### सबसे पुराना ब्लैकहोल मिल गया, 13 अरब साल है उम्र

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। खगोलविदों ने अब तक देखे गए सबसे पुराने ब्लैकहोल का पता लगाया है। यह ब्लैकहोल 13 अरब वर्ष पुराना है, जो लगभग ब्रह्मांड की शुरुआत का समय है। जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप के अवलोकन से पता चलता है कि बिग बैंग के 44 करोड़ साल बाद ही यह एक गैलेक्सी के केंद्र में था। सूर्य के द्रव्यमान का यह लगभग दस लाख गुना है। शुरुआती ब्लैकहोल के हिसाब से यह आश्चर्यजनक रूप से बड़ा है, जिससे यह सवाल उठता है कि यह इतनी जल्दी इतना बड़ा कैसे हो गया? कैंब्रिज विश्वविद्यालय के खगोल भौतिकीविद् प्रोफेसर रॉबर्टो मैओलिनो ने इससे जुड़े शोध का नेतृत्व किया। उन्होंने कहा, श्सबसे हैरानी वाली बात यह है कि आखिर यह इतना विशाल कैसे हो गया। इससे जुड़ा अवलोकन प्रीप्रिंट वेबसाइट पर प्रकाशित हुआ है। इसके मुताबिक ब्लैकहोल की सीधी तस्वीरनहीं है, क्योंकि कोई भी प्रकाश ब्लैकहोल से बाहर नहीं आ पाता।

## Page Three
## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# अधिकारियों को शेष समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश

**जन संवाद**

## विभिन्न विभागों से संबंधित 18 शिकायतें दर्ज, 7 शिकायतों का मौके पर ही निराकरण

**संवाददाता**



रुद्रप्रयाग। जिलाधिकारी सौरभ गहरवार की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जन संवादध्जनता मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 18 शिकायतें दर्ज की गई। इनमें 7 शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया जबकि शेष शिकायतों का निस्तारण करने के लिए संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया।

आयोजित जनता मिलन कार्यक्रम में कांडा (भरदार) के प्रधान लक्ष्मण सिंह ने ओल तिमली से डांडा तोक तक कृषि घेरबाड़ करने कांडा भरदार में 1.5 किमी मार्ग का चौड़ीकरण करने व पेयजल टैंक के क्षतिग्रस्त होने संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की। नगर उद्योग व्यापार मंडल अगस्त्यमुनि के पदाधिकारियों ने अगस्त्यमुनि से बेडूबगड तक बन रहे बाईपास पर विगत छह माह से कार्य नहीं होने से स्थानीय व्यापारियों एवं नागरिकों को होने वाली समस्या से अवगत कराया। उत्तर्सू गांव के उप प्रधान धर्मेंद्र सिंह बिष्ट ने चोपड़ा–चापड़–डुंगरी मार्ग से उत्तर्सू सड़क (3.5 किमी) नवंबर, 2020 में सर्वे किए जाने के बाद भी मोटर मार्ग का निर्माण कार्य शुरू नहीं होने की शिकायत की। लदोली निवासी दिनेश सिंह चौधरी ने शिकायत दर्ज करते हुए कहा कि एचएच द्वारा नाली निर्माण से उनकी दुकान व स्टोर में रखा गया सामान पूरी तरह क्षतिग्रस्त होने के बावजूद मुआवजा नहीं दिया गया। डंगवाल गांव के भगवान सिंह व दशज्यूला गांव की मुन्नी देवी ने प्रधानमंत्री आवास दिलाने की मांग की। सिलकोटी सौड़ी की विनोदी देवी ने शिकायर्त करते हुए कहा कि बीते एक वर्ष से उनका आधार कार्ड बंद है जो अपडेट नहीं हो पा रहा है। तुनेटा की नीलम देवी ने आवास हेतु बैंक से ऋण नहीं मिलने की बात कही। नगर पंचायत तिलवाड़ा के वार्ड नंबर–2 निवासी हैपी असवाल द्वारा नगर पंचायत से जारी होने वाले जन्म प्रमाण पत्रों में आ रही जटिलता के निस्तारण करने सहित अन्य समस्याओं से भी अवगत कराया गया। इस तरह विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 18 शिकायतें दर्ज की गई। प्राप्त शिकायतों में जिलाधिकारी ने 7 शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया जबकि शेष समस्याओं के यथाशीघ्र निराकरण करने हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि आम जनता की जो भी समस्याएं एवं शिकायतें जनता मिलन कार्यक्रम में प्राप्त हो रही हैं उन पर सभी अधिकारी गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ समस्या का निदान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन पर जो भी शिकायतें दर्ज हो रहीं हैं उनकी भी प्रत्येक सप्ताह समीक्षा की जाएगी इसके लिए सभी अधिकारी शिकायतों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी प्रकार की कोई ढिलाई न बरती जाए।

## न्यूज डायरी

### छात्र–छात्राओं सहित स्थानीय लोगों को मिलेगा उद्यमिता का प्रशिक्षण

**संवाददाता** पुरोला। उच्च शिक्षा विभाग उत्तराखण्ड सरकार के तत्वावधान में भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान गुजरात के सहयोग से संचालित देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत बीएल जुवांठा स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं समेत स्थानीय छोटे लघु उद्यमियों को विशेषज्ञ तकनीकी जानकारी देकर बेहतर उधम रोजगार स्थापित करनें का प्रशिक्षण चलाया जाएगा। गुजरात के ईडीआईआई अहमदाबाद में फैकल्टी मेंटर डेवलपमेंट प्रोग्राम में 5 दिवसीय ऊधमिता प्रशिक्षण में प्रतिभाग कर आये महाविद्यालय पुरोला से डॉ विनय नौटियाल ने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य छात्र–छात्राओं में उद्यमिता के प्रति जागरूकता है। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि उत्तराखण्ड में उद्यमिता का माहौल बनाने और उद्यमि तैयार करने को लेकर अहम पहलुओं पर गहनता के साथ प्रशिक्षण में विचार विमर्श किया गया।

### डीएम ने की जिला खनिज फाउंडेशन न्यास निधि की शासी परिषद की बैठक

**संवाददाता** चमोली। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला खनिज फाउंडेशन न्यास निधि की शासी परिषद की बैठक हुई। जिसमें प्रबंधन समिति द्वारा पूर्व में संस्तुत किए गए उच्च प्राथमिकता क्षेत्र के अंतर्गत 69.25 लाख के 06 विकास कार्यो और अन्य प्राथमिकता क्षेत्र के अंतर्गत 23.50 लाख के 04 विकास कार्यो का अनुमोदन किया गया। इस दौरान जिला खनिज न्यास निधि के अंतर्गत प्राप्त आय व्यय पर भी चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि खनन प्रभावित क्षेत्रों के लिए स्वीकृत विकास कार्यो को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूरा किया जाए।

### हर्बालाइफ इंडिया और शूलिनी यूनिवर्सिटी ने लॉन्च किया पहला प्रबंधन कार्यक्रम

**संवाददाता** देहरादून। एक प्रमुख वैश्विक स्वास्थ्य व कल्याण कंपनी एवं समुदाय, हर्बालाइफ इंडिया ने आज हिमाचल प्रदेश के सोलन में शूलिनी यूनिवर्सिटी ऑफ बायोटेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट साइंसेज के साथ अपनी तरह के पहले समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते में कंपनी ऑनलाइन मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) और बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (बीबीए) में डायरेक्ट सेलिंग विषय का हिस्सा बनेगी। आज, डायरेक्ट सेलिंग उद्योग व्यक्तियों को उद्यमी बनने और व्यक्तिगत एवं करियर विकास से लाभ उठाने का अवसर प्रदान करता है। विकास के लिए कौशल वृद्धि अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि यह पेशेवरों को उनके नेतृत्व, बिक्री और व्यापक व्यावसायिक क्षमताओं को निखारने में मदद करती है।

## आने वाला भविष्य युवाओं का होगाः प्रेमचंद अग्रवाल

**संवाददाता** ऋषिकेश। रानीपोखरी में भाजयुमो जिला कार्यकारिणी और मंडल सशक्तिकरण कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं और युवाओं से आगामी निकाय व लोकसभा चुनाव में एकजुट होकर पार्टी हित में कार्य करने का आह्वान किया।

सोमवार को रानीपोखरी में भाजयुमो जिला कार्यकारिणी और मंडल सशक्तिकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ काबीना मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश अपने स्वर्णिम काल की ओर अग्रसर है। आने वाला भविष्य युवाओं का है। प्रदेश के युवाओं में अच्छाई और सकारात्मकता परखने की क्षमता है। डोईवाला विधायक बृजभूषण गैरोला ने कहा कि कई महानुभावों के त्याग और तपस्या के बाद ही आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी बनी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आने वाले लोकसभा चुनाव व निकाय चुनाव में संगठित होकर काम करने का आह्वान किया। भाजपा जिला सहप्रभारी नलिन भट्ट और जिलाध्यक्ष रविंद्र राणा ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरा विश्व भारत की ओर देख रहा है। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में इस बार 400 से अधिक सीटें जीतने के लक्ष्य को भाजयुमो के कार्यकर्ता पूरा करेंगे।

मौके पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष अंकित बिजल्वाण, शिवम टुटेजा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रतीक कालिया, सुजीत यादव, आदि उपस्थित रहे।



## रोजी–रोटी असमंजस में कर्मचारियों ने की चर्चा

**संवाददाता** पुरोला। मुख्य वन संरक्षक उतराखंड के 2018 के बाद लगे आउटसोर्स कर्मचारियों को तत्काल हटाने के आदेश से गोविंद पशु विहार पार्क क्षेत्र एवं टौंस वन प्रभाग के दर्जनों कर्मचारियों की रोजी–रोटी असमंजस में कर्मचारियों ने बैठक कर आपसी चर्चा की। मुख्य वन संरक्षक के आदेश से टौंस वन प्रभाग के 28 व गोविंद पशु विहार के 19 आउटसोर्स कर्मचारी प्रभावित होंगे। गोविंद पशु विहार में तैनात आउटसोर्स कर्मियों ने सोमवार को गोविंद पशु विहार उप निदेशक कार्यालय परिसर पुरोला में बैठक कर उक्त आदेश पर चर्चा कर साथ ही मुख्य वन संरक्षक समेत विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन प्रेषित कर अपनी समस्याओं से अवगत करवाते हुए नियुक्ति को विस्तारित रखने की मांग की।

## अंतर विभागीय समन्वय के साथ विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाने के निर्देश

### सचिव विनोद प्रसाद रतूडी ने चमोली में विकास कार्यो की समीक्षा बैठक ली

**संवाददाता** चमोली। उत्तराखंड, भाषा विभाग के सचिव श्री विनोद प्रसाद रतूड़ी ने सोमवार को जनपद चमोली में समस्त विभागीय अधिकारियों के साथ विकास कार्यो को लेकर समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति समीक्षा करते हुए जनपद के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा की।

सचिव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आपसी समन्वय के साथ योजनाओं को कन्वर्जेन्स के माध्यम से विकास कार्यो को गति प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि विकास एक क्रमिक तथा निरंतर चलने वाली सतत प्रक्रिया है। गत वर्षों में किए गए कार्यों का आंकलन करते हुए और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विकास कार्यो को आगे बढ़ाया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित कार्यों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। नगरीय क्षेत्रों में पार्किंग निर्माण हेतु प्रस्ताव तैयार करें। साहसिक पर्यटन के तहत रिवर राफ्टिंग, पैराग्लाइडिंग, फिश एग्लिंग के लिए प्रोजेक्ट तैयार किए जाए। होम स्टे को प्रमोट करें। कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए सिंचित कृषि क्षेत्रफल बढाया जाए। कृषि, उद्यान और मत्स्य विभाग की योजनाओं को मनरेगा एवं अन्य योजनाओं से कन्वर्जेन्स करते हुए किसानों को अधिक से अधिक सुविधाएं मुहैया की जाए। ताकि उत्पादन बढने से किसानों की आय बढे। उरेडा के अन्तर्गत संचालित कार्यो की समीक्षा करते हुए सचिव ने कहा कि ग्रीन ऊर्जा को बढ़ाने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार की जाए। इस दौरान सचिव ने शिक्षा, स्वास्थ्य एवं ग्राम्य विकास की योजनाओं की समीक्षा करते हुए विभिन्न विभागों के अंतर्गत रिक्त पदों के बारे में भी जानकारी ली।

बैठक में जिला योजना, राज्य सेक्टर, केन्द्र पोषित एवं बीस सूत्री कार्यक्रमों की भी समीक्षा की गई। सचिव ने कहा कि योजनाओं से संबधित विभागों द्वारा जो सुझाव दिए गए है, उनसे शासन को अवगत कराया जाएगा।

## वन भूमि हस्तांतरण के कारण कोई भी विकास कार्य न रूके

**संवाददाता** चमोली। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने सोमवार को वन भूमि हस्तांतरण के लंबित प्रकरणों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में वन भूमि हस्तांतरण के कारण कोई भी विकास कार्य न रूके। विभागीय अधिकारी स्वयं लंबित प्रकरणों के निस्तारण के लिए प्रभागीय वनाधिकारी से संपर्क एवं समन्वय स्थापित कर जिला स्तर से प्रस्ताव शासन को भेजें। किसी कारण से जो प्रकरण निरस्त होने है उनको निरस्त किया जाए। ऐसे प्रकरण जिनमें आपत्तियां लगी है, उनका तत्काल निस्तारण करें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान लोनिवि, पीएमजीएसवाई, जल निगम, जल संस्थान, सिंचाई, पिटकुल आदि विभागों के अंतर्गत लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई। वन भूमि हस्तांतरण की महत्वपूर्ण बैठक में पेयजल निगम गोपेश्वर के अधिशासी अभियंता और लोनिवि कर्णप्रयाग के अधिशासी अभियंता के उपस्थित न रहने पर उनका स्पष्टीकरण भी तलब किया गया।

*मेहनत वो सुनहरी चाबी है, जो बंद भविष्य के दरवाजे, भी खोल देती है ! –अज्ञात।*



विचार-प्रवाह
देहरादून, मंगलवार, 12 दिसंबर 2023
पेज थ्री
www.page3news.in

# देशी–विदेशी साजिश

**अमेरिकी सरकार के संयत और जिम्मेदार रवैये का ही परिणाम है कि दोनों देशों की एजेंसियां इस मामले की जांच में जुटी हुई हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि जल्द ही इस मामले की सचाई सामने आएगी। लेकिन इस मामले के दूसरे अहम पहलू को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।**

अनुज सनवाल।।

अमेरिका में खालिस्तान समर्थक आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश नाकाम किए जाने की खबर और इसमें कथित तौर पर भारत का हाथ होने का संदेह निश्चित रूप से एक बेहद गंभीर मामला है। लेकिन उतना ही महत्वपूर्ण है यह देखना कि ऐसे गंभीर मामलों से कैसे निपटते हैं। चूंकि यह मामला कनाडा के निज्जर हत्या प्रकरण के कुछ ही समय बाद आया है, इसलिए दोनों की तुलना स्वाभाविक है। निज्जर हत्या के मामले में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने अपने देश की संसद में घोषणा कर दी कि इसमें भारत सरकार का हाथ होने के 'विश्वसनीय आरोप' हैं। हालांकि अपने उस विश्वसनीय आरोप के पक्ष में कोई सबूत उनकी सरकार अभी तक पेश नहीं कर पाई है। इस गैर–जिम्मेदाराना रवैये ने न केवल दोनों देशों के रिश्तों को गंभीर नुकसान पहुंचाया बल्कि दुनिया भर में फैले भारतीयों की भावनाओं को भी ठेस पहुंचाई। इसके विपरीत अमेरिका ने ऐसी सूचनाएं मिलने पर हाय–तौबा मचाने के बजाय सर्वोच्च स्तर पर भारत के साथ यह मसला उठाया। स्वाभाविक ही भारत सरकार ने इस पर हैरत और चिंता जताई और यह स्पष्ट किया कि इस तरह की गतिविधियां उसकी पॉलिसी नहीं है। लेकिन भारत सरकार के लिए यह पता करना जरूरी है कि ऐसी पॉलिसी न होने के बावजूद अगर विदेशी भूमि पर हत्या की साजिश में किसी तरह से उसकी प्रत्यक्ष या परोक्ष भूमिका की बात आ रही है तो फिर उसका कारण क्या है।

अगर इसके पीछे किसी तरह की देशी–विदेशी साजिश है तो उसे भी जल्द से जल्द बेनकाब करना हमारे राष्ट्रीय हित में है। आखिर भारत को बदनाम करने, उसकी अंतरराष्ट्रीय साख को खतरे में डालने के पीछे कौन लोग हैं, वे किन देशों और एजेंसियों से जुड़े हैं इसका खुलासा तो होना ही चाहिए। अमेरिकी सरकार के संयत और जिम्मेदार रवैये का ही परिणाम है कि दोनों देशों की एजेंसियां इस मामले की जांच में जुटी हुई हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि जल्द ही इस मामले की सचाई सामने आएगी। लेकिन इस मामले के दूसरे अहम पहलू को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। वह है विदेशी जमीन पर भारत की क्षेत्रीय अखंडता को चुनौती देने और उसके खिलाफ हिंसा भड़काने की बातें करने वाले तत्वों को मिली खुली छूट। कनाडा और अमेरिका की दोहरी नागरिकता रखने वाला गुरपतवंत सिंह पन्नू ऐसा ही एक शख्स है जिसे भारत सरकार बाकायदा आतंकवादी घोषित कर चुकी है। इसी महीने उसने सोशल मीडिया पर विडियो जारी कर धमकी दी थी कि 19 नवंबर के बाद एयर इंडिया में यात्रा करना खतरनाक होगा। वह गैर सिख भारतीयों को कनाडा और अमेरिका छोड़ने का अल्टीमेटम भी देता रहा है। अलग स्वतंत्र खालिस्तान के लिए कथित जनमत संग्रह करवाना तो उसका प्रिय शगल हो चुका है। हत्या की साजिश की जांच हो रही है, होनी भी चाहिए। लेकिन पन्नू जैसे लोगों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने की अपनी जिम्मेदारी भी संबंधित देशों और सरकारों को समझनी होगी।

## तुलसी और सालिग्राम

धर्म-दर्शन

**अशोक वोहरा।** तुलसी के गमले के ऊपर गन्ने का मंडप सजाएं। तुलसी देवी पर समस्त सुहाग सामग्री के साथ लाल चुनरी चढ़ाएं। गमले में सालिग्राम जी रखें। सालिग्राम जी पर चावल नहीं चढ़ते हैं। उन पर तिल चढ़ाई जा सकती है। तुलसी और सालिग्राम जी पर दूध में भीगी हल्दी लगाएं। गन्ने के मंडप पर भी हल्दी का लेप करें और उसकी पूजन करें। अगर हिंदू धर्म में विवाह के समय बोला जाने वाला मंगलाष्टक आता है तो वह अवश्य करें। देव प्रबोधिनी एकादशी से कुछ वस्तुएं खाना आरंभ किया जाता है। अतरू भाजी, मूली बेर और आंवला जैसी सामग्री बाजार में पूजन में चढ़ाने के लिए मिलती है वह लेकर आएं। कपूर से आरती करें। 11 बार तुलसी जी की परिक्रमा करें। प्रसाद को मुख्य आहार के साथ ग्रहण करें। प्रसाद वितरण अवश्य करें।

## संपादकीय

### डिफेंस–इंडस्ट्रियल कॉम्प्लेक्स

रक्षा निर्यात में वृद्धि के लिहाज से फिलीपींस को ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल की बैटरियों की हालिया बिक्री एक आशाजनक संकेत हो सकती है। इस क्रम में अपने निजी क्षेत्र को राजनयिक प्रयासों और सब्सिडी के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय बाजारों का पता लगाने और खरीदारों के साथ साझेदारी विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करने की आवश्यकता होगी। भारत ज्यों–ज्यों अगले दशक में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर होगा, उसे एक मजबूत डिफेंस–इंडस्ट्रियल कॉम्प्लेक्स की आवश्यकता होगी, जो बड़े पैमाने पर और अपेक्षित गुणवत्ता पर रक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम हो। अधिक निर्यात करने से स्केल और क्वॉलिटी सुधार में मदद मिल सकती है। रक्षा उत्पादन और निर्यात संवर्धन नीति 2020 में 2025 तक 25 बिलियन डॉलर का रक्षा उद्योग होने की बात कही गई है। इससे सालाना पांच बिलियन डॉलर के निर्यात की बात का आकलन किया गया। वैसे तथ्य है कि पिछले 5 वर्षों में कुल रक्षा निर्यात 50,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। केलकर समिति (2005) की सिफारिशों से रक्षा खरीद प्रक्रियाओं में सुधार जरूर हुआ है, लेकिन अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। भारत की एक ताकतवर देश के तौर पर हैसियत में वृद्धि के साथ–साथ रक्षा आयात में बड़ी गिरावट और राष्ट्रीय रक्षा सामर्थ्य में मजबूती आनी चाहिए।


भारत का रक्षा बजट अब रूस के बराबर है, पर अधिकांश राशि वेतन पेंशन के लिए आवंटित की जाती है। पूंजीगत व्यय के लिए सीमित प्रावधान के साथ वित्त वर्ष 2024 में रक्षा मंत्रालय का 5.94 लाख करोड़ का बजट है।

# युद्ध से उलझी स्थिति

वरुण गांधी।।

स्टॉकहोम इंटरनैशनल पीस रिसर्च इंस्टिट्यूट के अनुसार, 2016 और 2020 के बीच रूस और इस्राइल की भारत के रक्षा आयात में 62 फीसदी हिस्सेदारी रही। इस्राइल से भारत नियमित रूप से सर्विलांस सेंसर, मानव रहित हवाई वाहन और मिसाइल मार्गदर्शन प्रणाली जैसी रक्षा खरीद करता है। रक्षा स्वदेशीकरण को लेकर चर्चा के बीच ऐसे आयातों की अहमियत बरकरार है। कारगिल युद्ध के दौरान इस्राइल ने भारत को महत्वपूर्ण मिलिटरी हार्डवेयर की आपूर्ति की और इससे पाकिस्तान पर सैन्य जीत सुनिश्चित करने में खासी मदद मिली। इसी तरह फरवरी 2019 में भारतीय वायुसेना के मिराज 2000–एच लड़ाकू विमानों ने बालाकोट में आतंकवादी प्रशिक्षण शिविरों पर हमला करने के लिए इस्राइली क्रिस्टल मेज एमके–2 मिसाइलों का इस्तेमाल किया। यूक्रेन युद्ध ने रूस से सैन्य प्लैटफॉर्म डिलीवरी को काफी प्रभावित किया है। रूस ने पिछले पांच वर्षों में लगभग 13 अरब डॉलर के हथियारों की आपूर्ति की है। इससे आगे 10 अरब डॉलर की और आपूर्ति की मांग है।

यूक्रेन में लंबे समय से चल रहे युद्ध से रूस की स्थिति काफी उलझ गई है। इस बीच, इस्राइली सेना भी हमास के खिलाफ जंग शुरू कर चुकी है। स्वाभाविक ही इससे भारत की



हथियारों की आपूर्ति प्रभावित होगी। ऐसे सूरतेहाल में निरंतर रक्षा आयात पर भरोसा करने का कोई अर्थ नहीं है। रक्षा स्वदेशीकरण ही आगे बढ़ने का रास्ता है। इसके लिए भारत के रक्षा खर्च में अच्छी–खासी बढ़ोतरी की जरूरत है।

भारत का रक्षा बजट अब रूस के बराबर है, पर अधिकांश राशि वेतनध्पेंशन के लिए आवंटित की जाती है। पूंजीगत व्यय के लिए सीमित प्रावधान के साथ वित्त वर्ष 2024 में रक्षा मंत्रालय का 5.94 लाख करोड़ का बजट है। –इसमें सैन्य आधुनिकीकरण और बुनियादी ढांचे के विकास से संबंधित मदों के लिए महज 1.63 लाख करोड़ रुपये रखे गए हैं। 2008–2012 के बीच रक्षा बजट का पूंजीगत व्यय औसतन 32 फीसदी रहा। यह बाद में 2013–2017 के बीच घटकर 27 फीसदी और 2018–2022 के बीच महज 23 फीसदी रह गया। इस दौरान अनुसंधान और विकास कार्य पर खर्च 5.1 फीसदी से गिरकर 4.5 से 4.3 फीसदी रह गया।

रक्षा खरीद में बदलाव समय की मांग है। हालांकि भारत की रक्षा खरीद प्रक्रिया में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है। 2002 से रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया में आठ संशोधन हुए हैं, पर अब भी यह प्रक्रिया जटिल ही है। वर्तमान में रक्षा अधिग्रहणों को 12 चरण की जटिल प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। इसमें वैश्विक व घरेलू आरएफआई जारी होने और इसके बाद विस्तृत आवश्यकताओं और विशिष्टताओं को परिभाषित करने से लेकर रक्षा मंत्रालय और सुरक्षा पर कैबिनेट समिति की हरी झंडी मिलने तक कई प्रक्रियागत बाधाएं हैं। इस स्थिति में सुधार के लिए, 2015 में मनोहर पर्रिकर द्वारा गठित एक समिति द्वारा एक रक्षा क्षमता अधिग्रहण संगठन का प्रस्ताव रखा गया था। भारत की रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया को टर्बो–चार्ज करने के लिए ऐसे संगठन की स्थापना करने का समय अब आ गया है। स्वदेशीकरण को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। भारत को एक मजबूत मिलिटरी इंडस्ट्रियल कॉम्प्लेक्स की जरूरत है। भारत के निजी क्षेत्र को रक्षा क्षेत्र में उत्साह के साथ प्रवेश करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। रक्षा मंत्रालय को अपने पिछले अनुभवों से सबक लेना चाहिए।

### अष्टयोग-4946

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | | 6 | |
| 3 | 24 | 6 | 37 | 2 | 32 | |
| | | | | | | 3 |
| 5 | 33 | 1 | 29 | 4 | 30 | |
| 7 | | 5 | 4 | | | 2 |
| | 38 | 4 | 31 | 3 | 29 | |
| 4 | | 7 | | | 2 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 4945 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 3 | 4 | 6 | 5 | 2 |
| 4 | 38 | 6 | 34 | 2 | 32 | 7 |
| 6 | 4 | 7 | 1 | 5 | 2 | 3 |
| 5 | 29 | 1 | 33 | 4 | 36 | 6 |
| 3 | 1 | 2 | 6 | 7 | 4 | 5 |
| 1 | 24 | 4 | 35 | 3 | 28 | 1 |
| 2 | 6 | 5 | 7 | 1 | 3 | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अपना ब्लॉग

### हमारी प्रतिष्ठा और विश्वसनीयता को लगी ठेस

**मोहन।** मसलन, मार्च 2022 में डेफएक्सपो को अचानक स्थगित किया गया। इसमें तकरीबन एक हजार कंपनियों ने स्टॉल लिए थे और प्रदर्शनी में महत्वपूर्ण लॉजिस्टिक लागत आई थी। सतह से हवा में मार करने वाली आकाश मिसाइल प्रणाली के विकास को ही लें। इसे 2008 में सार्वजनिक–निजी भागीदारी के माध्यम से विकसित किया गया था और इसमें रक्षा मंत्रालय द्वारा 3,000 विक्रेताओं को 11,800 भागों की आपूर्ति के लिए प्रमाणित किया गया था। तेजस को अपनी पहली उड़ान के 19 साल बाद पहला ऑर्डर मिला। आरएफपी जारी होने से डीजल–इलेक्ट्रिक पनडुब्बियों के उत्पादन में 19 साल लग गए। भारत के निजी क्षेत्र को रक्षा विनिर्माण में गुणवत्ता संबंधी मुद्दों को हल करने के लिए आगे आना चाहिए। कम प्रौद्योगिकी वाले रक्षा उत्पाद तकनीकी गड़बड़ियों, घटकों की विफलता और सौदे के बाद ग्राहकों को सीमित परिचालन सेवा सहायता के कारण बाधित हो रहे हैं। दुर्घटनाओं के कारण भी काफी नुकसान हुआ है। 2009 में इक्वाडोर को बेचे गए सात एडवांस्ड लाइट हेलिकॉप्टरों में से चार का अलग–अलग वजहों से अनुबंध रद्द हो गया। इससे हमारी प्रतिष्ठा और विश्वसनीयता को भी ठेस लगी।





## ये क्या गड़बड़झाला है! सबसे बेकार फिल्म अब जवान से भी आगे?


जोया अख्तर के डायरेक्शन में बनी द आर्चीज ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म से तीन स्टारकिड्स बॉलीवुड में डेब्यू कर रहे हैं। सुपरस्टार शाहरुख खान और गौरी की बेटी सुहाना खान, दिवंगत श्रीदेवी और फिल्ममेकर बोनी कपूर की बेटी खुशी कपूर, और अमिताभ बच्चन के पोते अगस्त्य नंदा। फिल्म को समीक्षकों से ठीक–ठाक रेस्पॉन्स मिला है। लेकिन इस बीच ष्डक्ब् पर फिल्म की रेटिंग में कुछ ऐसा हुआ है, जिसे देखकर आपका सिर चकरा जाएगा। बॉलीवुड पर वैसे भी बीते कुछ समय से बॉक्स ऑफिस कलेक्शन को बढ़ा–चढ़ाकर दिखाने के आरोप लग रहे हैं, ऐसे में अब ष्डक्ब् रेटिंग के साथ ये हेरफेर निराश करने वाला है। साठ के दशक में रिवरडेल नाम के एक काल्पनिक भारतीय शहर की कहानी कहती द आर्चीज को सोशल मीडिया पर अच्छा रेस्पॉन्स नहीं मिला है। कुल मिलाकर यह फिल्म दर्शकों को लुभाने में नाकाम रही है। कई लोगों ने तो इसे जोया अख्तर की अब तक की सबसे कमजोर फिल्म कह दिया है। जाहिर है, गली बॉय और जिंदगी ना मिलेगी दोबारा जैसी फिल्में बनाने वाली जोया से दर्शकों को बहुत उम्मीदें थीं। लेकिन आईएमडीबी पर फिल्म की रेटिंग में जिस तरह छेड़छाड़ हुई है, वह चौंकाने वाला है। दरअसल, 7 दिसंबर को जब द आर्चीज रिलीज हुई तो लोगों ने इसे फिल्म डायरेक्टरी वाली इस साइट पर 2.9 रेटिंग दी। यह सबसे बेकार फिल्मों की श्रेणी में शामिल हुई। लेकिन अचानक फिल्म की रेटिंग बदल गई है।

## एनिमल में बॉबी देओल संग रेप सीन पर मानसी तक्षक ने तोड़ी चुप्पी

संदीप रेड्डी वांगा की डायरेक्टेड फिल्म एनिमल साल की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक है। रणबीर कपूर, रश्मिका मंदाना, बॉबी देओल और अनिल कपूर की अहम भूमिकाओं वाली यह मूवी बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त हिट रही है। हालांकि, इसने अपने इंटीमेट और हिंसक भरे सीन्स के द्वारा काफी विवाद भी पैदा किया है। इसमें एक ऐसा ही एक सीन है, जब बॉबी देओल के किरदार अबरार हक ने अपनी तीसरी शादी के बाद अपनी पहली दो पत्नियों पर हाथ उठाया था। फिल्म में उनकी तीसरी पत्नी का किरदार निभाने वाली मानसी तक्षक ने हाल ही में इस सीन के बारे में बात की। मानसी ने कहा, निश्चित रूप से यह चौंकाने वाला है। किसी को उम्मीद नहीं थी कि उनकी शादी का सीन इस तरह खत्म होगा। जब शादी का सीक्वेंस शुरू होता है तो अगर आप गौर से देखेंगे तो जिस तरह से उसका सेटअप बनाया गया था, वह बेहद खूबसूरत था। जो म्यूजिक बज रहा है, वो भी बहुत ही प्यारा है और जैसे ही वह खत्म होता हो तो आप कुछ खतरनाक होते हुए देखते हैं।

## कंफर्म! ब्रह्मास्त्र 2 में देव बनेंगे रणवीर सिंह





रणवीर सिंह ने ब्रह्मास्त्र 2 में देव का किरदार निभाने के लिए हां कह दी है। रणबीर कपूर और आलिया भट्ट स्टारर ब्रह्मास्त्र भाग 1 शिवा ने भारतीय दर्शकों के लिए एक नए यूनिवर्स की खोज की। अमिताभ बच्चन, नागार्जुन और मौनी रॉय ने भी अहम रोल निभाया।इस फिल्म को शानदार रिएक्शन्स मिले और यह 2022 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई। यहां तक कि शाहरुख खान ने भी फिल्म में एक लंबा कैमियो किया था। इन सबके बीच, हर कोई इस बात को लेकर उत्सुक था कि फिल्म में शिव के पिता देव की भूमिका कौन निभाएगा। देव के रोल के लिए, ऋतिक रोशन से लेकर कन्नड़ स्टार यश और यहां तक कि रणवीर सिंह तक के नाम फैंस द्वारा लिए गए थे। ब्रह्मास्त्र की रिलीज के एक साल से थोड़ा अधिक समय बाद, एक सूत्र ने बताया कि फैन्स की थ्योरी में से एक तुक्का सही है। वेक अप सिड और ये जवानी है दीवानी के डायरेक्टर ने आखिरकार ब्रह्मास्त्र सीरीज की दूसरी किस्त में देव की भूमिका के लिए रणवीर को चुना है। एक सूत्र ने हमें बताया, श्रणवीर को देव की भूमिका निभाने के लिए फाइनल कर लिया गया है। उन्होंने साइन भी कर दिया है।

# सलमान खान की मां ने 81वें बर्थडे पर काटा टू–टियर केक



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*सलमान खान, अरबाज खान और सोहेल खान की मां सलमा खान ने हाल ही में अपना 81वां जन्मदिन मनाया। उनके दामाद अतुल अग्निहोत्री ने सोहेल, अर्पिता खान और बाकी लोगों के साथ एक बड़ा सा केक काटते हुए उनका एक वीडियो शेयर किया। सलमा खान ने अपना 81वां जन्मदिन मनाया और इसकी फोटोज और वीडियोज सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहे हैं।*

**दामाद अतुल ने किया सासु मां का हर मोमेंट रिकॉर्ड**

कुछ समय पहले सलमान की बहन की बेटी अलविरा अग्निहोत्री के पति अतुल अग्निहोत्री ने अपने इंस्टाग्राम पर सलमान खान की मां के जन्मदिन का एक वीडियो शेयर किया। वह 8 दिसंबर को 81 साल की हो गईं। वीडियो में, एक्टर की मां को सोहेल खान, अर्पिता खान, अलविरा और बाकी लोगों से घिरे हुए और 3–टियर केक काटते हुए देखा जा सकता है। उन्होंने केक के ऊपर रखी मोमबत्ती को फूंक मारकर बुझा दिया। अपने बर्थडे पर उन्होंने हरे रंग की ड्रेस पहनी थी। वीडियो शेयर करते हुए अतुल ने लिखा, 81वें जन्मदिन की शुभकामनाएं सासु मां (रेड हार्ट इमोजी)। पिछले साल, अर्पिता खान और अलविरा अग्निहोत्री ने सलमा खान के लिए जन्मदिन की पार्टी रखी थी, और बॉलीवुड सिंगर हर्षदीप कौर को गाने के लिए इनवाइट



किया था।

**अर्पिता और अलविरा ने मां के लिए रखी पार्टी**

सिंगर ने अपने सोशल मीडिया पर पार्टी की तस्वीरें शेयर कीं और साथ ही सलमान की बहनों अर्पिता और अलविरा के लिए एक नोट भी पोस्ट किया। यह पार्टी चंडीगढ़ के एक होटल में रखी गई थी। सिंगर ने लिखा, श्प्यारी सलमा खान जी के 80वें जन्मदिन की पार्टी पर उनके लिए खास परफॉर्मेंस देना बहुत खास लगा! सबसे प्यारी @arpita khan sharma और अलविरा बढ़िया होस्ट थीं।

**सलमा खान और सलीम खान की शादी**

उन्होंने आगे लिखा, साथ ही हेलेन जी से मिलना और उनके गानों पर उन्हें डांस कराना सोने पर सुहागा था, सभी के प्यार के लिए आभारी हूं। इस बीच बता दें कि, सलमा खान ने 1964 में सलीम खान से शादी कर ली थी और बाद में सलीम खान ने 1981 में एक्ट्रेस हेलेन से दूसरी शादी की थी। अब हेलन भी सलीम खान के परिवार के साथ ही रहती हैं और वो सलमा के साथ बहन की तरह बॉन्ड शेयर करती हैं।

# 60 साल की मानाक्षी शेषाद्रि ने झलक के स्टेज पर लगाई आग

*झलक दिखला जा 11 बेहद पॉपुलर और दर्शकों का फेवरेट डांस रियलिटी शो है। इसमें ऑडियंस अपने पसंदीदा कलाकारों को दिल खोलकर सपोर्ट करती है और जिताने की कोशिश करती है। अब आज 9 दिसंबर को प्रसारित होने वाला एपिसोड बेहद रॉकिंग होने वाला है। क्योंकि एक्ट्रेस मीनाक्षी शेषाद्रि आज तड़का लगाएंगी। वह जजेज मलाइका अरोड़ा, फराह खान और अरशद वारसी के साथ शो की शोभा बढ़ाएंगी। हाल ही में, फराह खान ने मीनाक्षी, शो के होस्ट और अन्य जूरी के साथ थिरकते हुए एक मजेदार वीडियो भी शेयर किया था।*



झलक दिखला जा 11 के नए प्रोमो में शो की लाइमलाइट एक्ट्रेस मीनाक्षी शेषाद्रि चुराते हुए दिखाई दे रही हैं। हीरो, महादेव, घायल, दामिनी समेत कई अन्य फिल्मों के लिए जाने जाने वाली एक्ट्रेस 60 की उम्र में भी स्टेज पर बिजली गिराती हुई नजर आ रही हैं। उनको देख कंटेस्टेंट्स के साथ–साथ जजेस और होस्ट भी ताल से ताल मिलाते हुए चार–चांद लगा रहे हैं।

**फराह खान ने शेयर किया वीडियो**

फराह खान ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वह शूटिंग के बीच झलक दिखला जा 11 के मंच पर अरशद वारसी और मलाइका अरोड़ा के साथ डांस करते हुए मस्ती करती नजर आ रही हैं। होस्ट गौहर खान और ऋत्विक धनजानी भी उनके साथ हैं। लेकिन जो अपनी अदाओं और खूबसूरत एक्सप्रेशन से चार चांद लगा देती हैं वह कोई और नहीं बल्कि मीनाक्षी शेषाद्रि हैं।

**लोगों के आए रिएक्शन्स**

यह वीडियो घायल अभिनेत्री को एक ट्रिब्यूट है, जिसने 40 साल पहले डेब्यू किया था। वो सभी उनकी फिल्म हीरो के डिंग डोंग ओ बेबी ट्रैक पर डांस कर रहे हैं। अनजान लोगों के लिए, यह गाना अनुराधा पौडवाला और मनहर उधास ने गाया है। फिल्म में मीनाक्षी शेषाद्रि और जैकी श्रॉफ हैं। खैर। वीडियो पर कमेंट करते हुए एक यूजर ने लिखा, वह 90 के दशक की सबसे क्लासी और सबसे अच्छे कपड़े पहनने वाली एक्ट्रेस में से एक थीं। आपके लिए बहुत सारा सम्मान मैडम। एक ने कहा, श्काश जैकी और मीनाक्षी शेषाद्रि की फिल्म दोबारा आती।

# मक्के दी रोटी ते सरसों दा साग, स्किन–इम्यूनिटी और वेट लॉस के लिए लाजवाब



*सर्दियों में खाना आसानी से पच जाता है, इसलिए लोग जी भर खाते हैं। सर्दियां आएं और थाली में सरसों का साग और मक्के की रोटी न हो, तो फिर ठंड का मजा अधूरा रह जाता है। गरमा–गरम मक्के दी रोटी ते सरसों दा साग...देखते ही मुंह में पानी आ जाए।*

सरसों का साग और मक्के की रोटी, दोनों की तासीर गर्म होती है। सर्दियों में इसे खाने से शरीर गर्म हो जाता है, जिससे ठंड का अहसास कम होता है। सरसों के साग और मक्के की रोटी का कॉम्बिनेशन स्वाद के साथ–साथ हेल्थ के हिसाब से भी अच्छा है। सर्दी के मौसम में यह शरीर को गर्म रखने में मदद करता गै। इस डिश में ऐसे कई न्यूट्रिएंट्स होते हैं जो कई हेल्थ प्रॉब्लम से बचाने में मदद करते हैं। सरसों के साग में ग्लूकोसिनोलेट्स होता है। इसमें फाइबर, विटामिन और आयरन, फोलिक एसिड, कैल्शियम, पोटेशियम, फॉस्फोरस और मैग्नीशियम जैसे पोषक तत्व होते हैं।

**आंखों की रोशनी तेज:** सरसों के साग में विटामिन–ए आंखों की रोशनी को तेज करने में मददगार होते हैं। इसके अलावा यह पेट से जुड़ी दिक्कतों को कम करने में मदद करता है। पाचन की समस्या के लिए सरसों का साग एक बेहतरीन विकल्प है।

**एनर्जी से भरपूर:** कड़ाके की ठंड और सर्दी में सरसों का साग शरीर में एनर्जी लेवल को बनाए रखने में मददगार होता है। सरसों के साग में फाइबर विटामिन, आयरन, कैल्शियम, फास्फोरस और मैग्नीशियम जैसे तत्व होते हैं, जो काफी फायदेमंद होते हैं। इसमें मौजूद पोषक तत्वों की वजह से इसे एनर्जी का पावर हाउस कहते हैं। सरसों के साग में मौजूद विटामिन ए, सी, बी, मिनरल, प्रोटीन शरीर को एनर्जी से भरपूर रखते हैं। इसमें एंटीऑक्सीडेंट होता है, जो दिल को हेल्दी रखने में मदद करता है। सरसों के साग में कैल्शियम और पोटेशियम भरपूर मात्रा में होता है, जो हड्डियों को मजबूत रखता है।

**ब्लड प्रेशर को नियंत्रित:** सरसों के साग में मौजूद फास्फोरस और मैग्नीशियम ब्लड प्रेशर को कंट्रोल रखने में मदद करता है। अगर आप बीपी के मरीज हैं तो सर्दियों के मौसम में अपने खाने में सरसों के साग को शामिल करें।

**वजन कम करने में मददगार**
सरसों का साग और मक्के की रोटी पोषक तत्वों से भरपूर होता है। इसमें कैलोरी की मात्रा बहुत कम होती है। वहीं फाइबर की मात्रा भी भरपूर पाई जाती है। यही कारण है कि इसे खाने से पेट काफी देर तक भरा महसूस होता है। सरसों का साग खाने से मेटाबॉलिज्म बढ़ता है। यही वजह है कि वेट लॉस में सरसों का साग का सेवन फायदेमंद होता है। मेटाबॉलिज्म को बढ़ा कर यह वजन कम करने में मदद करता है। चूंकि सर्दियों में लोग थोड़ा सुस्त हो जाते हैं, जिसकी वजह से मेटाबोलिज्म धीमा हो जाता है, लेकिन सरसों का साग आपके मेटाबॉलिज्म को बनाए रखने में आपकी मददगार होता है।



## इन चीजों के एक–एक टुकड़े में भरा पड़ा है विटामिन बी12

विटामिन बी12 को कोबालामिन भी कहा जाता है। यह रेड ब्लड सेल्स को बनाने के लिए एक जरूरी पोषक तत्व है। पानी में घुलनशील यह विटामिन मस्तिष्क और तंत्रिका कोशिकाओं के उत्पादन को बढ़ावा देता है। एंडहोलिस्टिक न्यूट्रिशनिस्ट प्रियांशी भटनागर के अनुसार, विटामिन बी 12 की कमी से शरीर में सफेद और लाल रक्त कोशिकाओं की कमी हो जाती है। इससे आपको थकान, वजन कम होना, एनीमिया, मांसपेशियों में कमजोरी और इनफर्टिलिटी की समस्या हो सकती है। विटामिन बी12 क्यों जरूरी है? यह दिमागी कामकाज में सुधार करता है, ब्लड सेल्स बढ़ाता है, स्किन और हेयर हेल्थ के लिए जरूरी है, हार्ट अटैक का खतरा कम करता है और फर्टिलिटी में सुधार करता है। 18 से ऊपर के लोगों को रोजाना 2.4 उबह विटामिन बी 12 की जरूरत होती है, हालांकि गर्भवती महिलाओं को रोजाना 2.8 उबह की जरूरत हो सकती है. बच्चों को 0.4 से लेकर 1.8 उबह तक की जरूरत हो सकती है। मछली बी12 विटामिन का सबसे बढ़िया स्रोत है। एक मीडियम मछली के सेवन से आपको विटामिन बी12 मिल सकता है, जो रोजाना की जरूरत पूरी करता है। पके हुए क्लैम में विटामिन बी12 की मात्रा सबसे अधिक होती है। एक सर्विंग में रोजाना की जरूरत का 3500 प्रतिशत से अधिक शामिल होता है।

## सही वक्त पर ये काम हो जाए तो आराम से गुजरेगी जिंदगी

भले ही कैंसर का इलाज हर दिन आधुनिक हो रहा है, पर अब भी कैंसर के साथ कई तरह के डर जुड़ जाते हैं। ऐसे में समझा जा सकता है कि जिन लोगों को इस बीमारी ने जकड़ा, उन पर क्या गुजरी होगी या गुजरती होगी। पर असल सवाल यह है कि क्या कैंसर अब भी इतना खतरनाक है? क्या कैंसर होने के बाद इसका इलाज होना मुश्किल है? क्या कैंसर का पूरी तरह खात्मा नामुमकिन है? क्या हर कैंसर एक बार ठीक होने के बाद दोबारा लौटकर आ जाता है? कैंसर में स्टेज की अहमियत कितनी होती है? आज किसी भी स्टेज में कैंसर का पता चलने पर इलाज शुरू हो जाता है। वहीं शुरुआती स्टेज में पता चलने पर इसके पूरी तरह ठीक होने की संभावना काफी रहती है। कुछ एक्सपर्ट तो कैंसर को लाइफस्टाइल जैसी बीमारी तक कहने लगे हैं। उनका कहना है कि अगर शुरुआत में ही इसका पता चल जाए और सही इलाज शुरू हो जाए तो मरीज आगे की जिंदगी आराम से जी सकता है।

## छाती–गले में चिपके मोटे कफ को एक झटके में साफ करेंगे देसी उपाय



सर्दियों के मौसम में इम्यून सिस्टम कमजोर होने से संक्रमण और बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। यही वजह है कि अधिकतर लोग इन दिनों सर्दी, खांसी, जुकाम और गले में खराश आदि समस्याओं से पीड़ित रहते हैं। सबसे परेशान करता है गले और छाती में जमा कफ। जाहिर है गले, फेफड़ों में कफ जमने से भयंकर खांसी होती है और साथ ही गला भी दर्द करता है। कफ वह गाढ़ा, चिपचिपा पदार्थ है जो बीमार होने पर आपके गले के पिछले हिस्से में लटका रहता है। बलगम चिपचिपा होता है इसलिए यह धूल, एलर्जी और वायरस को आसानी से फंसा सकता है। बढ़ते कफ की वजह से आपको सांस लेने, बोलने या निगलने में समस्या हो सकती है। इतना ही नहीं यह गाढ़ा जिद्दी कफ घरघराहट, सोने में कठिनाई, गला खराब होना, छाती में बेचैनी होना और श्वसन संक्रमण का कारण भी बन सकता है। छाती में जमा हुआ कफ कैसे बाहर निकाले? बेशक सीने में जमा कफ निकालने के लिए आप दवाएं ले सकते हैं लेकिन ध्यान रहे कि लंबे समय तक दवाओं का इस्तेमाल सेहत के लिए हानिकारक होता है। अपने आस–पास की हवा को मॉइस्चराइज करने से बलगम को पतला रखने में मदद मिल सकती है। इसके लिए आप कूल मिस्ट ह्यूमिडिफायर का उपयोग कर सकते हैं। आप इस ह्यूमिडिफायर को पूरे दिन सुरक्षित रूप से चला सकते हैं। आप हर दिन पानी बदलें और अपने ह्यूमिडिफायर को साफ करें।

# क्या आप भी बचा चावल खाते हैं तो बीमारियों को दे रहे न्योता



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

*भारत जैसे देश में चावल और गेहूं मुख्य अनाज है। यहां ऐसे लोगों की बहुलता है, जो दिन में एक वक्त चावल खाते हैं। खासकर यूपी, बिहार, बंगाल, तमिलनाडु, कर्नाटक, ओडिशा जैसे राज्यों में चावल की सबसे ज्यादा खपत होती है। चावल में कार्बोहाइड्रेट्स, प्रोटीन, विटामिन और खनिज जैसे पोषक तत्व होते हैं, जो शरीर के लिए फायदेमंद है तो वहीं चावल खाने के अपने नुकसान भी है। चावल खाने से मोटापा, ब्लड प्रेशर और दिल से जुड़ी बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ता है। चावल शरीर में ब्लड शुगर को कंट्रोल करने में समस्या पैदा करता है, जिसकी वजह से मधुमेह की दिक्कत बढ़ सकती है। वहीं कई बार चावल खांसी और एलर्जी की वजह भी बन सकता है। ये तो चावल खाने के नुकसान है, लेकिन कई लोग ऐसे भी हैं जो बासी चावल खाते हैं। दिन का बचा चावल रात को और रात का चावल दिन में खाते हैं। ये आदत सेहत के लिए काफी खतरनाक है। खाने की ये आदत आपके दिल को बीमार बना सकता है।*

**बासी चावल खाने के नुकसान**
ये हमारी आदत में शुमार होता है कि घर का बचा खाना हम अगले दिन इस्तेमाल कर लेते हैं। रात की बची रोटी दिन में, दिन का बचा चावल रात में खा लेते हैं। चावल खाने के अपने फायदे–नुकसान हैं, लेकिन बासी चावल हमेशा आपकी सेहत के लिए नुकसानदायक है। सिर्फ चावल ही नहीं कोई भी बासी खाना आपको नुकसान पहुंचा सकता है। बासी चावल खाने से पेट और पाचन संबंधी बीमारी



आपको परेशान कर सकती है। बासी चावल में बैक्टीरिया बढ़ जाते हैं, जो पेट में इंफेक्शन का कारण बन जाता है। पेट दर्द, डायरिया, दस्त, उल्टी जैसी समस्या हो जाती है। बासी चावल दिल की बीमारी का कारण बन जाता है।

**क्या बासी खाना ठीक?**
बचे हुए चावल खाने से शरीर को कई नुकसान होते हैं। इंडीपेंट्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक बचे हुए चावल को खाना हेल्थ के लिए ठीक नहीं है। बचे हुए चावल खाने से आपको फूड पॉइजनिंग की परेशानी हो सकती है। इस रिपोर्ट के मुताबिक कच्चे चावल में स्पोर्स होते हैं, जो पकाते समय भी उसमें मौजूद होते हैं, लेकिन गरम चावल में मौजूद ये जीवाणु शरीर को नुकसान नहीं पहुंचाते। जब चावल कई घंटों तक रूम ट्रेम्प्रेचर पर रखा जाता है तो स्पोर्स बैक्टीरिया में कन्वर्ट हो जाते हैं। ऐसे चावल को खाने से ये बैक्टीरिया आपके शरीर में पहुंच जाते गैं और आपको बीमार कर सकते हैं।

**दिल के लिए खतरनाक**
काफी देर तक चावल को कमरे के तापमान पर छोड़ दिया जाए तो वो चावल को कंटेमिनेट कर देता है, जिसे फ्राइड राइस सिंड्रोम कहा जाता है। कई बीमारियों का कारण बन जाता है। पेट संबंधी बीमारी के अलावा बासी चावल कार्डियोवस्कुलर डिजीज का कारण बनता है। इस बारे में मैनचेस्टर और सलफोर्ड यूनिवर्सिटी ने रिसर्च किया। इस रिसर्च के मुताबिक जि जगहों पर किसान चावल की खेती करते हैं, उन जगहों की मिट्टी में आर्सेनिक काफी मात्रा में होता है। चावल की खेती में पानी पर्याप्त मात्रा में लगता है, खेतों में धान की फसल पानी में डूबी रहती है। इसके साथ ही यदि उन क्षेत्रों में बाढ़ अधिक आती है तो चावलों में आर्सेनिक की मात्रा और बढ़ा देती है। चावल में पाया जाने वाला यही आर्सेनिक दूसरे टॉक्सिन्स के साथ मिलकर हमारे शरीर में कार्डियोवस्कुलर डिजीज की वजह बन जाता है। अगर चावल बासी तो परेशानी और बढ़ जाती है। दरअसल कोई भी स्टार्ची फूड, जिसमें टॉक्सिन्स प्रोड्यूस होते हैं वो हीट को लेकर रेसिस्टेंट होते हैं। यानी बासी चावल को गर्म करने पर भी उसमें बैक्टीरिया को खत्म करना मुश्किल होता है।



**अमनजोत कौर ने लगाया विजयी चौका**

अमनजोत कौर ने 4 गेंद पर 10 रन बनाकर भारत जीत दिला दी। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने नाबाद 6 रन बनाए। कैम्प और एक्लेस्टोन को दो–दो विकेट मिले। एक विकेट चार्ली डीन को मिला। भारत ने पांच विकेट के नुकसान पर 127 रन बनाए। इंग्लैंड ने 2–1 से सीरीज अपने नाम की। भारत ने क्लीन स्वीप होने से खुद को बचाया।

## आखिरी टी20 मैच जीतकर भारत ने जीता दिल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। श्रेयंका पाटिल और सैका इशाक की शानदार गेंदबाजी के बाद स्मृति मंधाना के 48 रन की मदद से भारत ने आखिरी टी20 मैच में इंग्लैंड को पांच विकेट से हराया। हालांकि, तीन मैचों की सीरीज में इंग्लैंड ने 2–1 से बाजी मारी। श्रेयंका को प्लेयर ऑफ द मैच तो नैट सीवर ब्रंट को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब मिला। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। कप्तान हैदर नाइट ने कप्तानी पारी खेलते हुए 52 रन बनाए। सैक इशाक ने नाइट को पवेलियन की राह दिखाई। विकेटकीपर बल्लेबाज एमी जोन्स ने 25 रन का योगदान दिया। इनके अलावा कोई भी बल्लेबाज ज्यादा देर तक क्रीज पर नहीं टिक सका। श्रेयंका और इशाक ने उस दिन तीन–तीन विकेट लिए। अमनजोत कौर और रेणुका ठाकुर को दो–दो विकेट मिले। इंग्लैंड ने 20 ओवर में 126 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही। पहले मैच में अर्धशतक बनाने वाली शैफाली वर्मा मात्र 6 रन ही बना सकीं। इसके बाद स्मृति मंधाना ने जेमिमा (29) के साथ मिलकर पारी को आगे बढ़ाया। अच्छ लय में दिख रही जेमिमा रोड्रिग्स को चार्ली डीन ने पवेलियन भेजा। वहीं, मंधाना अपने अर्धशतक से मात्र 2 रन पीछे रह गईं।

## न्यूज डायरी



### आईसीसी ने वनंबर महीने के प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड के विजेता की घोषणा की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आईसीसी ने हाल ही में 7 दिसंबर को पिछले महीने नवंबर के प्लेयर ऑफ द मंथ के खिलाड़ियों की लिस्ट जारी की थी। इस लिस्ट में वनडे वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले तीन खिलाड़ियों के नाम शामिल थे। टूर्नामेंट में बेहतरीन टीम, सबसे ज्यादा रन और सबसे ज्यादा विकेट लेने का खिताब भारत और उनके खिलाड़ियों को मिला था। ऐसे में आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए तीन खिलाड़ियों के नाम चुने गए थे, जिसमें मोहम्मद शम्मी, ग्लेन मैक्सवेल और ट्रेविस हेड का नाम शामिल था। अब आज आईसीसी इसके विजेता के नाम की घोषणा की है, जिसके लिए फाइनल में भारत के खिलाफ शतक जड़ने वाले ट्रेविस हेड को चुना गया है। ट्रेविस हेड ने फाइनल में भारत के खिलाफ 120 गेंदों में 15 चौके और 4 छक्के लगाकर 114 के स्ट्राइक रेट से 137 रन की अहम पारी खेली थी, जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड भी दिया गया था। हेड को लाबुशेन के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिए 215 गेंदों में 192 रन की मैच विनिंग पार्टनरशिप भी की। इसके चलते भारत को वर्ल्ड 2023 के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। नवंबर में ट्रवुस हेड ने कुल 220 रन बनाए, जिसमें एक शतक और एक ही अर्धशतक शामिल था। इसके अलावा शम्मी ने वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा कुल 24 विकेट लिए थे।

### पाकिस्तान के दिग्गज बल्लेबाज ने अचानक ले लिया संन्यास

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान के टेस्ट बल्लेबाज असद शफीक ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों को अलविदा कह दिया चूंकि उन्हें महसूस हो रहा था कि खेल के लिये उनके जुनून में कमी आई है । 37 साल के शफीक ने रविवार को यह ऐलान किया। उन्होंने राष्ट्रीय टी20 चौम्पियनशिप में कराची व्हाइट्स को खिताब दिलाने के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा ,'मुझे अब क्रिकेट खेलने को लेकर पहले सा रोमांच या जुनून महसूस नहीं हो रहा और अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने के लिये फिटनेस का स्तर भी वैसा नहीं रह गया है। इसीलिए मैने खेल को अलविदा कहने का फैसला किया है ।' उन्होंने यह भी कहा कि वह पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के वेतनभोगी राष्ट्रीय चयनकर्ता बन सकते हैं । उन्होंने कहा ,'मुझे बोर्ड से करार मिला है और मैं इस पर गौर कर रहा हूं । जल्दी ही इस पर हस्ताक्षर करूंगा ।'' असद ने पाकिस्तान के लिये 2010 से 2020 के बीच 77 टेस्ट में 4660 रन बनाये जिसमें 12 शतक और 27 अर्धशतक शामिल है । इसके अलावा उन्होंने 60 वनडे और 10 टी20 मैच भी खेले हैं। असद शफीक अपने टाइम में अजहर अली, यूनुस खान और मिस्बाह उल हक के साथ मिलकर पाकिस्तान की कोर टेस्ट बैटिंग का हिस्सा थे।

### एशिया कप में अपनी हरकत पर अब पछता रहे हैं गौतम गंभीर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। 2011 में भारत को 28 साल बाद वर्ल्ड चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले पूर्व क्रिकेटर गौतम गंभीर अपने बेबाक अंदाज के लिए मशहूर हैं। बिना किसी डर, खौफ के अपने दिल की बात कहने वाले गंभीर ने एकबार फिर खुलकर राय रखी है। उन्होंने इस साल सितंबर में एशिया कप मैच के दौरान अपने विवादास्पद इशारे को संबोधित किया है। स्मिता प्रकाश के साथ एएनआई पॉडकास्ट पर बात करते हुए गौतम गंभीर ने स्पष्ट किया कि उनकी प्रतिक्रिया कुछ प्रशंसकों द्वारा भारत विरोधी नारे लगाने के कारण हुई थी। उन्होंने गलत इशारा करने की बात स्वीकार की और इस बात पर जोर दिया कि उन्हें इस तरह से प्रतिक्रिया नहीं देनी चाहिए थी। एशिया कप के दौरान गौतम गंभीर भीड़ को मिडिल फिंगर दिखाते हुए कैमरा में कैद हुए थे, मीडिया रिपोर्ट्स से पता चला था कि यह विराट कोहली के सपोर्ट में लगाए गए नारों का जवाब था। गौतम गंभीर ने अपनी सफाई में कहा, अगर मैं वहां से गुजर रहा हूं और कुछ प्रशंसक शहिदुस्तान मुर्दाबादश के नारे लगाते हैं। सिक्योरिटी के मना करने के बावजूद भी नहीं मानते हैं तो मैं स्वीकार करता हूं कि मैंने गलत इशारा किया था और जब आप ऐसी बातें सुनते हैं, आप प्रतिक्रिया देते हैं।श उन्होंने माना कि व्यक्ति अपनी मानसिकता और स्थिति के आधार पर अलग–अलग रिएक्ट करते हैं। उन्होंने कहा, हर कोई अलग तरह से प्रतिक्रिया देता है। हर किसी की मानसिकता अलग होती है।

# पेसर्स करेंगे राज या बल्ले से आएगा तूफान

**क्रिकेट**

## गकेबेरहा में बारिश की संभावना करीब 70 प्रतिशत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

गकेबेरहा (साउथ अफ्रीका)। साउथ अफ्रीका और भारत के बीच टी20 सीरीज का पहला मुकाबला बारिश की वजह से रद्द रहा। अब सीरीज का दूसरा मैच 12 दिसंबर को गकेबेरहा के सेंट जॉर्ज पार्क पर खेला जाएगा। पहले मैच में लगातार बारिश की वजह से टॉस भी नहीं हो पाया था। ऐसे में अब यह दो मैच की सीरीज ही रह गई है। भारतीय टीम सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में उतरेगी तो साउथ अफ्रीका के कप्तान एडेन मार्करम हैं।

सेंट जॉर्ज पार्क की पिच हमेशा से बल्लेबाजी के लिए मुश्किल मानी जाती है। यहां अभी तक तीन टी20 मुकाबले हुए हैं। सभी में पेस बॉलर का दबदबा रहा है। इस मैदान पर चेज करना भी आसान नहीं होता है। 2020 में यहां आखिरी टी20



इंटरनेशनल मैच खेला गया था। उसमें साउथ अफ्रीका ने 158 रन बनाने के बाद भी ऑस्ट्रेलिया को 12 रन से हरा दिया था। 2018 में भारत ने यहां वनडे मैच खेला था। उसमें 274 रन बनाने के बाद भी टीम 73 रनों से जीती थी।

सीरीज का पहला मैच बारिश की वजह से रद्द हुआ था। दूसरे मुकाबले में भी बारिश की संभावना है। मंगलवार को गकेबेरहा में बारिश की संभावना करीब 70 प्रतिशत है। दिन में अधिकतम तापमान 20 डिग्री रहने की उम्मीद है। शाम होने पर यह करीब 17 डिग्री पर आ सकता है।

**इस प्रकार हैं दोनों टीमें: भारत:** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, रूतुराज गायकवाड़, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, श्रेयस अय्यर, ईशान किशन (विकेटकीपर), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), रविंद्र जडेजा (उप कप्तान), वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, दीपक चाहर।

**दक्षिण अफ्रीका:** एडेन मार्करम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, मैथ्यू ब्रीट्जस्के, नांद्रे बर्गर, जेराल्ड कोएत्जी, डोनोवन फरेरा, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को यानसेन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एंडिले फेलुकवायो, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स और लिजाड विलियम्स।

# ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने पाकिस्तान के खिलाड़ी की जमकर तारीफ की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पाकिस्तान की टीम इन दिनों ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर है, जहां दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी। 14 दिसंबर को दोनों टीमों के बीच पर्थ में पहला मैच खेला जाएगा।

अब टेस्ट सीरीज से पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों ने पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम की तारीफ की है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के इंस्टाग्राम चौनल पर पोस्ट एक वीडियो में कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि ष्बाबर को आउट करना उनके लिए आसान काम नहीं होगा और जिसके लिए वह कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

दूसरी तरफ स्टार गेंदबाज जोश हेजलवुड ने बाबर को क्लास



खिलाड़ी कहा है। हेजलवुड ने आगे कहा कि वह लंबे समय से ऐसा कर रहे हैं। वनडे क्रिकेट में उन्होंने धमाकेदार प्रदर्शन किया और फिर टेस्ट क्षेत्र में भी मजबूत होने के लिए अपने खेल में बदलाव किया।

ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी स्पिनर नाथन लियोन ने बाबर को बेहद टैलेंटेड करार दिया है। लियोन ने कहा कि जब वह बल्लेबाजी करते हैं तो उनके हाथ सुंदर लगते हैं। उन्होंने कुछ रन बनाए। नाथन ने कहा कि आखिरी बार बाबर गाबा में खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया आए थे। उन्होंने कहा कि हम दुनिया के बेहतरीन खिलाड़ियों के खिलाफ कॉम्पिटिशन करना चाहते हैं और बाबर निश्चित रूप से उनमें से एक हैं।

बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क का मानना है कि बाबर के पास शानदार बल्लेबाजी का अनुभव है और उन्होंने बाबर को ष्दुनिया के बेहतरीन में से एक बताया है। स्टार्क ने कहा कि बाबर के पास सभी शॉट्स हैं। वह ऐसा व्यक्ति है, जो पारी बना सकता है या गति बदलकर मैच का रुख बदल सकते हैं। उम्मीद है कि वह इस दौरे पर आराम से खेले।

### पूर्व साउथ अफ्रीकी दिग्गज ने भारत को दिया गुरमंत्र

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम इन दिनों दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर है। ऐसे में वर्ल्ड कप के बाद टीम के सीनियर खिलाड़ी आराम कर रहे है। रोहित कोहली द. अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में वापसी करेंगे। भारत के द.अफ्रीका के खिलाफ रिकॉर्ड कुछ अच्छा नहीं है। भारत 8 में से एक भी सीरीज नहीं जीत पाया है, लेकिन ऐसे में अब दक्षिण अफ्रीका के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी जैक्स कैलिस ने एक बड़ी भविष्यवाणी की है। दरअसल रन–मशीन विराट कोहली का दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उनकी धरती पर अच्छा रिकॉर्ड है। ऐसे में अगर भारत को सीरीज में जीत दर्ज करनी है तो भारत को कोहली की जरूरत होगी। कैलिस ने स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए कहा कि वह एक बड़े खिलाड़ी हैं, चाहे वह कहीं भी हो। कोहली ने यहां काफी मैच खेले हैं और उन्हें सफलता भी मिली है। वह अपने अनुभव को टीम के बाकी खासकर युवाओं के साथ शेयर कर सकते हैं। कैलिस ने आगे कहा कि मुझे यकीन है कि कोहली दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट सीरीज को अपने लिए खास बनाना चाहेंगे।

पेज थ्री देहरादून

देहरादून, मंगलवार, 12 दिसंबर 2023 पेज 8

# हमारा दून

गढ़वाल संभाग के अनुसूचित जाति जनप्रतिनिधि सम्मेलन में प्रतिभाग करते हुए सीएम।



## संक्षिप्त समाचार

### राज्य के हर क्षेत्र में विकास के नए द्वार खुलेंगेः सीएम

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि माननीय उच्चतम न्यायालय का जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के संबंध में दिया गया फैसला केंद्र सरकार के देश हित एवं जम्मू–कश्मीर व लद्दाख के समग्र विकास हेतु लिए गए निर्णय पर मुहर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की संप्रभुता, एकता और अखण्डता को बनाए रखने के लिए जम्मू–कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने का जो ऐतिहासिक कार्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा किया गया उसे उच्चतम न्यायालय ने भी सही ठहराया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस ऐतिहासिक फैसले से जम्मू–कश्मीर के लोग देश की मुख्यधारा से जुड़ सकेंगे तथा राज्य में पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ ही निवेश बढ़ेगा तथा राज्य के हर क्षेत्र में विकास के नए द्वार खुलेंगे।

### कैंट विधानसभा में तीन नए ट्यूबवेल स्वीकृत

**संवाददाता** देहरादून। कैंट विधानसभा में छह नए ट्यूबवेल स्वीकृति के बाद आगामी गर्मियों में क्षेत्र के बड़े हिस्से में पेयजल संकट से निजात मिल जाएगी। चालीस से पचास हजार से अधिक की आबादी को नए ट्यूबवेलों का सीधा लाभ मिलेगा। कैंट विधानसभा के टीचर्स कॉलोनी, दीनदयाल उपाध्याय, कौलागढ़, इंदिरानगर, त्रिजल विहार में नए ट्यूबवेल ने काम शुरु कर दिया है। इससे इन इलाकों के हजारों पेयजल उपभोक्ताओं को राहत मिली है। सर्दियों में पानी की डिमांड घट जाती है। इन ट्यूबवेल की असली परीक्षा गर्मियों के समय होगी, जब डिमांड बढ़ेगी।

### एम्स में ब्रोंकोस्कोपी करने की प्रक्रिया सीखी

**संवाददाता** देहरादून। बाल चिकित्सा ब्रोंकोस्कोपी और बच्चों की अन्य पल्मोनरी जांचों के प्रशिक्षण और आधुनिक तकनीकों के अभ्यास हेतु एम्स ऋषिकेश में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें चिकित्सकों को ब्रोंकोस्कोपी प्रक्रिया का प्रशिक्षण और दूसरे दिन तपेदिक व अस्थमा के उपचार के लिए नवीनतम तकनीकों पर चर्चा के उपरान्त अभ्यास करवाया गया।

### इंटेग्रा एसेंशिया लिमिटेड को 120 मिलियन रुपये के फ्रेश ऑर्डर्स प्राप्त हुए

**संवाददाता** देहरादून। लाइफ एसेंशियल्स के व्यवसाय में संलग्न एक प्रोमिनेन्ट कंपनी इंटेग्रा एसेंशिया लिमिटेड ने एग्रो प्रोडक्ट्स और इंफ्रास्ट्रक्चरल मैटेरियल्स बिजनेस डिवीजन्स से अपडेट की घोषणा की है। कंपनी को ईआरडब्ल्यू स्टील पाइप्स और एचआर कॉइल्स के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर मटेरियल डिवीजन के साथ–साथ प्रीमियम ड्राई फ्रूट (काजू) के लिए कलेक्टिव्ली 120 मिलियन रुपये से अधिक का नया ऑर्डर मिला है।

# पीआरडी स्वयं सेवकों के हित में कई कदम उठाएः मुख्यमंत्री

**रैतिक परेड**

■ सीएमन ने प्रान्तीय रक्षक दल के स्थापना दिवस पर रैतिक परेड में शामिल होकर रैतिक परेड का मान प्रणाम किया ग्रहण



**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को तपोवन रोड, देहरादून में प्रान्तीय रक्षक दल के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित रैतिक परेड में शामिल होकर रैतिक परेड का मान प्रणाम ग्रहण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पीआरडी के घोषवाक्य 'अहमस्मि योधः' का लोकार्पण किया और पीआरडी स्वयं सेवकों के आश्रितों को सहायता राशि का वितरण भी किया।

मुख्यमंत्री ने सभी को प्रांतीय रक्षक दल (पीआरडी) के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज पीआरडी. स्वयंसेवकों द्वारा रैतिक परेड में किए गए मार्च पास्ट का प्रदर्शन अत्यंत ही मनोहारी था। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 05 घोषणाएं की। उन्होंने घोषणा की कि पी.आर.डी. स्वयं सेवकों को प्रत्येक 02 वर्ष पर 01 गर्म वर्दी एवं 01 सामान्य वर्दी विभाग द्वारा दी जायेगी। पी. आर.डी. स्वयं सेवकों को प्रशिक्षण एवं पुर्नप्रशिक्षण के समय दी जानी वाली वर्दी की दर 1500 रुपए से बढ़ाकर 2500 रुपए की जाएगी। सभी पंजीकृत ड्यूटी पर तैनात पी. आर.डी. स्वयं सेवकों को होमगार्ड स्वयं सेवकों की भांति 200 रुपए प्रतिमाह ड्यूटी दिवस के अनुमानित में धुलाई भत्ता दिया जायेगा। विकासखण्ड स्तर पर तैनात ब्लाक कमाण्डर एवं न्याय पंचायत स्तर पर तैनात हलका सरदार का मासिक मानदेय क्रमशः 600 रुपए एवं 300 से बढ़ाकर प्रतिमाह 1000 रुपए एवं 500 रुपए किया जायेगा। आपदा बचाव कार्य में तैनात पी. आर.डी. स्वयं सेवकों को 50 रुपए प्रतिदिन की दर से अतिरिक्त मानदेय दिया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पीआरडी स्वयंसेवक अपनी निरंतर सेवा और समर्पण भाव से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सहयोग कर रहे हैं। सामाजिक सुरक्षा कार्य, आपदा प्रबंधन और यातायात व्यवस्था में पीआरडी द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पीआरडी स्वयं सेवकों के हित में कई कदम उठाए हैं। पी. आर.डी. स्वयंसेवकों के मृतक आश्रितों के पंजीकरण हेतु शासनादेश जारी किया गया है। अभी तक 116 मृतक आश्रितों को पंजीकृत किया गया है, इनमें से 70 मृतकों के आश्रितों को रोजगार प्रदान किया गया है, जिसमें 25 महिलाएँ भी शामिल हैं। प्रान्तीय रक्षक दल कल्याण कोष संशोधित नियमावली अगस्त 2023 में प्रख्यापित की गई है। जिसमें आर्थिक सहायता की धनराशि में वृद्धि करते हुए साम्प्रदायिक दंगो के दौरान ड्यूटी पर मृत्यु की दशा में देय एक लाख रुपए को बढ़ाकर 02 लाख किया गया है। इसके साथ ही अति संवेदनशील ड्यूटी में मृत्यु की दशा में देय 75 हजार रुपए को बढ़ाकर डेढ़ लाख रुपए किया गया है। सामान्य ड्यूटी के दौरान मृत्यु की दशा में देय 50 हजार को बढ़ाकर एक लाख रुपए किया गया है। प्राकृतिक आपदा से होने वाले नुकसान के लिए भी संबंधित अधिकारी की संस्तुति पर अधिकतम 50 हजार रुपए का प्राविधान किया गया है, जिससे सीधे तौर पर पीआरडी जवानों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड महामारी के दौरान भी पीआरडी स्वयंसेवकों ने उत्कृष्ट कार्य किया। जिसके सम्मान में सरकार द्वारा 4651 पी.आर.डी. स्वयंसेवकों को पुरस्कार स्वरूप 6 हजार प्रति स्वयंसेवक प्रदान किये गए थे।

### स्थापना दिवस बड़े धूमधाम से मनाया जा रहाः आर्या

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्रीमती रेखा आर्या ने कहा पिछले दो वर्षों से प्रान्तीय रक्षक दल का स्थापना दिवस बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में पीआरडी स्वयंसेवकों के लिए अनेक सुविधा देने के प्रयास किये गये हैं। राज्य की चारधाम यात्रा, कावंड़ और समय–समय पर आई आपदाओं में पीआडी स्वयं सेवकों द्वार अपने कार्यों के बल पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# शिकायतों पर समयान्तर्गत निस्तारण के निर्देश

**जनसुनवाई**

■डीएम की अध्यक्षता में किया गया जनसुनवाई का आयोजन



**संवाददाता**

देहरादून। जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में सोमवार को 86 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें अधिकतर शिकायतें भूमि सम्बन्धित प्राप्त हुई, इसके अतिरिक्त जल संस्थान, आपसी विवाद, समाज कल्याण, पीएमजीएसवाई, आय प्रमाण पत्र बनवाने, शिक्षा, एमडीडीए, पीएमजीएसवाई, लघु सिंचाई, विद्युत आदि शिकायतें प्राप्त हुई। जनसुनवाई में एक प्रकरण हरिद्वार से सम्बन्धित प्राप्त होने पर जिलाधिकारी ने दूरभाष पर जिलाधिकारी हरिद्वार से वार्ता करते हुए सम्बन्धित शिकायतकर्ता की शिकायत का निस्तारण करने का अनुरोध किया।

जनसुनवाई में डांडा लखौण्ड में भूमि अतिक्रमण, अवैध कब्जे की अधिक शिकायत आने पर तहसीलदार सदर को को स्थलीय निरीक्षा करते हुए आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में एक शिकायतकर्ता द्वारा सुद्धोवाला में स्वामित्व में नाम अंकित न होने की शिकायत पर तहसीलदार विकासनगर को आज ही रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा यदि निस्तारण उच्च स्तर पर होना हो तो सम्बन्धित को पत्राचार करने के निर्देश दिए। साथ ही विकासनर क्षेत्रान्तर्गत ठाकुरपुर में भूमाफियाओं द्वारा रास्ता बन्द करने, झाझरा में भूमि सम्बन्धी प्रकरणों, दाखिल खारिज न होने, सेवालाकला में सीमांकन न होने की शिकायतों पर समयान्तर्गत निस्तारण के निर्देश दिए। इसी प्रकार बरसात शिकायतकर्ता ने खड़कमाफ क्षेत्र में भारी वर्षा में मकान क्षतिग्रस्त होने पर मुआवजा न मिलने की शिकायत पर उप जिलाधिकारी ऋषिकेश को दूरभाष पर कार्यवाही के निर्देश दिए।

ग्राम अशोई चकराता में जलसंस्थान द्वारा कराये गए कार्यों में गुणवत्ता न होने की शिकायत पर मुख्य विकास अधिकारी को जांच करवाने के निर्देश दिए।

### उत्तराखंड को संरक्षित राज्य घोषित करने की मांग

**संवाददाता** देहरादून। विश्व पहाड़ दिवस पर एकता विहार स्थित धरना स्थल पर राज्य नव निर्माण अभियान के कार्यकर्ताओं ने धरना देकर उत्तराखंड को संरक्षित राज्य घोषित करने की मांग की। धरना स्थल से प्रधानमंत्री समेत मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मांग की गई कि अनियंत्रित विकास की वजह से पहाड़ धंस रहे हैं। पहाड़ों में भूस्खलन की घटनाओं में बढ़ोत्तरी हो गई है। एक तीर एक कमान सारा पहाड़ एक समान के नारों की गूंज से धरना स्थल गूंज उठा। नागरिक मंच से यश आर्य ने कहा कि राज्य में जमीनों की खुली लूट के चलते भू माफिया प्रदेश में हावी है। बॉबी पंवार ने कहा कि पहाड़ के रहवासियों में मन में डरा समा रहा है चूंकि आपदाओं का ग्राफ हर साल बढ़ता जा रहा है। पूर्व छात्र संघ महासचिव व राज्य नव निर्माण अभियान के सचिन थपलियाल ने कहा कि राज्य के भौगोलिकता को ध्यान में रखते हुए ही निर्माण कार्य होने चाहिए।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at https://www.page3news.co.

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।